दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित


## दिल्ली में प्रदूषण पर वार : सरकार के 50% कर्मचारी करेंगे वर्क फ्रॉम होम

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए वर्क फ्रॉम होम की शुरूआत हो गई है। दिल्ली सरकार के दफ्तरों में 50 प्रतिशत कर्मचारी घर से काम करेंगे, जबकि प्राइवेट ऑफिस से भी ऐसा करने की अपील की गई है। गुरुग्राम में पहले से ही वर्क फ्रॉम होम लागू कर दिया गया है। स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छता, सार्वजनिक परिवहन, अग्निशमन सेवाएं, कानून प्रवर्तन, बिजली आपूर्ति और आपातकालीन जैसी आवश्यक सेवाएं पूरी क्षमता से काम करना जारी रखेंगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सार्वजनिक सेवाएं अप्रभावित रहें।

दिल्ली में बुधवार को भी जहरीली हवा और प्रदूषण काफी अधिक रहा और राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक 426 दर्ज किया गया जो गंभीर श्रेणी में है। इसके अलावा बीती रात को दिल्ली में इस मौसम की अब तक की सबसे सर्द रात दर्ज की गई।


● नई दिल्ली। गुरुवार 21 नवंबर-2024 | ● वर्ष : 9 अंक : 328 पेज-12 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3


# यूपी में सबसे कम हुआ गाजियाबाद में मतदान

## 33.30% वोट पड़ने के बावजूद हुआ है पुराने परफॉरमेंस में सुधार



- विधानसभा शहर सीट के 119 मतदान केंद्रों पर हुआ शांतिपूर्वक चुनाव
- 106 क्रिटिकल मतदेय स्थल पर भी सामान्य रही स्थिति
- मुस्लिम इलाकों में कम हुआ मतदान, पर लाइन पार में दिखा चुनावी उत्साह





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बुधवार को उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव था। सुबह 7 बजे गाजियाबाद शहर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान शुरू हुआ। जो शाम 5 बजे तक जारी रहा। गाजियाबाद के साथ ही उत्तर प्रदेश के करहल, कुंदरकी, सीसामऊ, कटेहरी, खैर, मझंवा, मीरापुर



और फूलपुर में उपचुनाव था। यूपी चुनाव गाजियाबाद विधानसभा शहर सीट पर शांतिपूर्वक संपन्न हुआ है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत जिन आठ थानाक्षेत्रों में आचार संहिता लागू थी, वहां शांतिपूर्वक मतदान की खबर मिली है। भले उत्तर प्रदेश में हुए उपचुनाव में गाजियाबाद में सबसे कम मतदान हुआ हो, पर इस कम मतदान का भी अलग संदेश गया है। यहां वर्ष 2016 में जब महापौर पद के लिए उपचुनाव हुआ था, तो उस दौरान चुनाव का प्रतिशत केवल 18 दर्ज किया गया था जबकि बुधवार को हुए शहर विधानसभा सीट में मतदान का फाइनल प्रतिशत लगभग 33% के आसपास रहा है, जो पिछले उपचुनाव की तुलना में लगभग 15% की बढ़ोत्तरी दर्शा रहा है। इसलिए आज हुए गाजियाबाद शहर सीट पर उपचुनाव से कहीं ना कहीं एक पॉजिटिव संदेश भी देकर गया है। बता दें कि बुधवार को गाजियाबाद विधानसभा शहर सीट के 119 मतदान केंद्रों पर 507 मतदेय स्थानों पर 507 ईवीएम मशीनों में 14 प्रत्याशियों की किस्मत कैद हो गई है।

## 23 नवंबर को होगी मतगणना

### और गोविंदपुरम अनाज मंडी रहेगा स्थान




करंट क्राइम : गाजियाबाद शहर विधानसभा सीट का उपचुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो गया है। तो चुनाव खत्म होने के बाद ईवीएम मशीनों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अनाज मंडी गोविंदपुरम में स्ट्रांग रूम में सेव कर दिया गया है। अब 23 नवंबर को सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू होगी। इसके बाद चुनाव परिणाम जारी किया जाएगा। अपर जिला अधिकारी भू अध्यप्ति विवेक मिश्रा ने बताया है कि उपचुनाव के लिए कुल 507 इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का इस्तेमाल किया गया था।

## मतदान का प्रतिशत रहा कम, पर हर दो घंटे में बदली वोटिंग परसेंटेज



करंट क्राइम : बुधवार को शहर विधानसभा सीट 56 पर मतदान था, सुबह से लेकर शाम 5 बजे तक मतदान की प्रक्रिया चली। मतदान के लिए विधानसभा शहर सीट में कुल 4,61,360 वोटर्स हैं। मतदान का प्रतिशत भले कम रहा लेकिन हर दो घंटे में आए वोटिंग परसेंटेज में सुधार और चढ़ाव वाली स्थिति देखने को मिली है।

**मतदान की स्थिति : सुबह 9:00 बजे 5. 36% ● सुबह 11:00 बजे 12. 87% दोपहर 01 बजे 20.92% ● दोपहर 03 बजे 27.44 % ● शाम 05 बजे 33. 30 %**

## निर्दलीयों के नजर नहीं आए मतदान केंद्रों पर बस्ते



करंट क्राइम : गाजियाबाद विधानसभा सीट पर जहां 14 प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरे थे, तो इसमें बड़ी संख्या में निर्दलीय प्रत्याशी भी अपनी किस्मत विधानसभा सीट के उपचुनाव पर आजमाने के लिए चुनावी रथ पर सवार हुए, लेकिन कुछ ही ऐसे फेस थे जो निर्दलीय के रूप में चुनाव को लेकर एक्टिव मोड पर थे। बुधवार का विधानसभा शहर सीट पर ऐसा सीन नजर आया जहां अधिकांश मतदान केंद्रों के आसपास निर्दलीय प्रत्याशियों के बस्ते नजर नहीं आए।

## दिल्ली-एनसीआर रहा ओपन, इसलिए कम हुआ वोटिंग परसेंटेज



करंट क्राइम : शहर विधानसभा सीट पर बुधवार को मतदान था और मतदान का प्रतिशत बता रहा है कि दिल्ली-एनसीआर में सार्वजनिक अवकाश न होने की वजह से इसका असर विधानसभा चुनाव के परसेंटेज पर साफ दिख रहा है। विधानसभा उपचुनाव में परसेंटेज 33.30 पर जाकर सिमट गया, जो बेहद कम है। वहीं पिछले रिकार्ड की तुलना में स्थिति सुधरी हुई बताई जा रही है। बता दें कि दिल्ली-एनसीआर के अंतर्गत गौतमबुद्ध नगर, गुड़गांव, दिल्ली और फरीदाबाद जैसे प्रमुख शहर आते हैं, जहां विधानसभा शहर सीट के अंतर्गत आने वाले इलाके क्रॉसिंग रिपब्लिक से लेकर प्रताप विहार, विजयनगर से लेकर कैला भट्टा और नंदग्राम, सिहानी, घूकना से लेकर सिद्धार्थ विहार तक के इलाके शामिल हैं। यहां रहने वाले निजी और सरकारी क्षेत्रों के कर्मचारी प्रतिदिन अपनी नौकरी के चक्कर में गाजियाबाद से बाहर आते जाते हैं। बुधवार को भले गाजियाबाद में विधानसभा का उपचुनाव था लेकिन अन्य जगहों पर किसी प्रकार का अवकाश नहीं था और यही वजह रही जो सर्विस क्लास से लेकर बिजनेस क्लास वाले लोग मतदान से इस बार दूरी बनाते देखे गए।

## मतदान हुआ कम, पर आंकड़ा बता रहा है पुराने से बेहतर है पोलिंग परसेंटेज

करंट क्राइम : शहर सीट गाजियाबाद का पोलिंग परसेंटेज शाम 5 बजे तक 33.30% दर्ज किया गया विधानसभा उपचुनाव के लिहाज से यह कम बताया जा रहा है लेकिन 2016 में महापौर पद के लिए हुए उपचुनाव में मतदान का यह प्रतिशत केवल 18% पर सिमट गया था, अगर पुराने रिकॉर्ड को देखा जाए तो वर्ष 2024 में विधानसभा शहर सीट पर हुए उपचुनाव के प्रतिशत के लिहाज से 15% की बढ़ोत्तरी वोटिंग परसेंटेज के रूप में देखने को मिल रही है। जो कुछ प्रत्याशियों के लिए परेशानी का कारण बन रही है, तो कुछ को इससे लाभ मिलता हुआ दिखाई दे रहा है।

# बुजुर्गों ने दिखाया मतदान में उत्साह

## 90 साल की फूलवती ने जोश से किया मतदान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बुधवार को गाजियाबाद विधानसभा शहर सीट-56 पर उपचुनाव था और उपचुनाव को लेकर सुबह से ही मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। मतदान को लेकर जहां युवाओं में उत्साह नजर आया, तो बुजुर्ग भी मतदान करने के मामले में पीछे दिखाई नहीं दिए। हालांकि महिलाएं भी चुनाव को लेकर उत्साहित थीं लेकिन उपचुनाव होने की वजह से उनकी संख्या थोड़ी कम नजर आ रही थी। दैनिक करंट क्राइम की टीम ने विधानसभा उपचुनाव के दौरान कई इलाकों का दौरा किया, जहां बुजुर्ग हाथ में स्टिक लेकर मतदान पहुंचे, तो कई जगह व्हीलचेयर पर बैठकर वह मतदान के जोश में उत्साहित नजर आए।







### इन बुजुर्गों ने दिखाया मतदान में उत्साह



करंट क्राइम : विजयनगर के राजकीय इंटर कॉलेज में 72 साल के बुजुर्ग राजपाल सिंह मतदान करने के लिए पहुंचे। तो वहीं प्राथमिक विद्यालय इस्लामनगर में मौहम्मद रफी 85 साल की उम्र में जोश के साथ मतदान करने पहुंचे। उन्होंने कहा की उम्र तो एक नंबर है, जोश बरकरार रहना चाहिए। इसके साथ ही 65 साल के शौकीन अहमद ने भी मतदान किया। तो वहीं ठाकुर द्वारा गर्ल्स स्कूल में सिविल डिफेंस के सहयोग से व्हील चेयर संचालित की जा रही थी। यहां 88 साल की सरिता देवी को सिविल डिफेंस के सहायकों द्वारा मतदान करने में मदद की गई। तो वहीं अंबेडकर नगर में 67 साल की अंगूरी देवी भी मतदान करने के लिए पहुंची। इसके साथ ही राजकीय इंटर कॉलेज विजयनगर में 90 साल की बुजुर्ग फूलवती अपने परिजनों के साथ लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करने के लिए पूरे जोश और उत्साह के साथ देखी गई।

### 18 नवंबर को हुई शादी और 20 को कपल ने किया मतदान



करंट क्राइम : मतदान को लेकर लोगों में अलग उत्साह होता है। ऐसा ही उत्साह बुधवार को विधानसभा शहर सीट के उपचुनाव में देखने को मिला। जहां दयानंद नगर निगमवासी युव की शादी 18 नवंबर को आयुषी से हुई थी। वह कपल के रूप में मतदान करने के लिए अपने पोलिंग स्टेशन पर गए, हालांकि आयुषी का वोट नहीं था लेकिन वह अपने पति के साथ मतदान स्थल तक पहुंची। मतदान करने के साथ इस कपल ने वोटिंग साइन दिखाते हुए अपना फोटो क्लिक कराया और यह तस्वीर सोशल मीडिया पर भी साझा की। इस न्यू वेडिंग कपल का इलेक्शन में वोटिंग का जोश बता रहा था कि मतदान की इंपोर्टेंस क्या होती है।

### जब ऑटो पर वोट डालने पहुंचे, विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी



करंट क्राइम : मतदान को लेकर भले अधिक जोश नहीं था लेकिन जो व्यक्ति खुद चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहा हो ,उसका जोश तो अलग ही रहता है। विजयनगर के एचएचकेएम इंटर कॉलेज में मतदान के दौरान एक ऐसा नजारा भी देखने को मिला जब प्रत्याशी ऑटो रिक्शा में मतदान करने के लिए पहुंचे। इस दौरान उनके साथ सुरक्षाकर्मी भी मौजूद था। बता दें कि निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में गयादीन अहिरवार जो की राष्ट्रीय बहुजन कांग्रेस पार्टी से चुनाव मैदान में थे, उनका चुनाव चिन्ह सिलाई मशीन है। वह ऑटो में सवार होकर अपने गनर के साथ दोपहर को मतदान करने पहुंचे थे।

### बोले जब चाय वाला पीएम, तो ऑटो ड्राइवर विधायक क्यों नहीं बन सकता

करंट क्राइम : मतदान के बाद परिणाम मतगणना से आएंगे लेकिन गयादीन का कॉन्फिडेंस अलग ही था। उन्होंने दैनिक करंट क्राइम से बातचीत करते हुए कहा कि जब चाय बेचने वाला देश का प्रधानमंत्री बन सकता है। तो ऑटो चालक क्यों नहीं विधायक बन सकता है।









गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मतदान के दौरान भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा ने पोलिंग स्टेशन से लेकर पार्टी के बस्तों तक मोर्चा संभाले रखा। मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने शहर सीट पर अपना वोट दिया। बसपा उम्मीदवार पीएन गर्ग ने अपनी धर्मपत्नी के साथ वोटिंग की। वहीं समाजवादी पार्टी एवं कांग्रेस के संयुक्त उम्मीदवार सिंहराज ने वोट देने के बाद कुछ इस अंदाज में अपनी उंगली दिखाई।

## पुलिस-प्रशासन की व्यवस्था रही दुरुस्त, पोलिंग स्टेशनों पर पुलिस बल रहा मुस्तैद

- सुरक्षा बलों ने संभाले रखी कमान, नहीं बिगड़े कहीं पर हालात
- महिला पुलिसकर्मियों से लेकर केंद्रीय फोर्स के जवान रहे तैनात

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत हुए पहले विधानसभा



उपचुनाव के दौरान सभी 119 केंद्रों पर शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ। मतदान को सफलतापूर्वक कराने के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी और ग्रामीण जोन के अंतर्गत भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती के साथ ही केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवान तैनात किए गए। इसके साथ ही खुद सीपी, एडिशनल सीपी, डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी और इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारी पुलिस बल के साथ दिनभर अलग-अलग मतदान केंद्रों पर निरीक्षण और कानून व्यवस्था की स्थिति को बनाने में लग रहे।

सुबह 7 बजे से ही पुलिस के अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों के पोलिंग बूथ का निरीक्षण कर वहां की सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली और शांतिपूर्वक मतदान संपन्न कराने के अभियान को जारी रखा। शांति पूर्वक मतदान हो इसके लिए खुद पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र से लेकर एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ,डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी, एसीपी वेव सिटी लिपि नगायच, एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद, एडीसीपी प्रोटोकॉल





आनंद कुमार और एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष सिंह के साथ ही एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी, एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा, एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन, विजयनगर थाना प्रभारी बृजेश सिंह, घंटाघर कोतवाली थाना प्रभारी अनुराग शर्मा, क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाध्यक्ष प्रीति





गर्ग, सिहानी गेट थाना प्रभारी सचिन कुमार, कवि नगर थाना प्रभारी योगेंद्र मलिक के साथ ही अलग-अलग पुलिस टीम सुबह से लेकर मतदान समाप्त होने तक एक्टिव मोड पर नजर आई।

### कंट्रोल रूम से लेकर फील्ड पर नजर आए चीफ रिटर्निंग ऑफिसर



करंट क्राइम : पुलिस ने जहां कानून व्यवस्था को कंट्रोल करने का काम किया, तो चीफ रिटर्निंग आफिसर व जिलाधिकारी के रूप में इन्द्र विक्रम सिंह भी चुनाव को संपन्न कराने की भूमिका में देखे गए। उन्होंने दोपहर में कंट्रोल रूम से वेब कास्टिंग पर यहां नजर रखने का अलग-अलग बूथों पर काम किया। तो शाम को मतदान संपन्न होने के बाद मंडी की व्यवस्थाओं का भी जयजा लिया। इस दौरान उनके अधीनस्थ अधिकारी भी पूरे चुनाव को ठीक प्रकार से संपन्न कराने के लिए जुटे रहे।

# हिंसा प्रभावित बेलडांगा जा रहे थे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पुलिस ने बेड़े को बीच में ही रोका, हिरासत में लिया

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में 16 नवंबर को दो समूहों के बीच हुई झड़प का मुद्दा गरमा गया है। खासकर राजनीतिक स्तर पर हर तरफ इसकी चर्चा है। इस बीच बंगाल भाजपा के अध्यक्ष बुधवार को जब बेलडांगा जा रहे थे, तब उनके बेडे.को पुलिस ने रास्ते में ही रोक लिया। जब उन्होंने इसे लेकर सड़क पर ही धरना शुरू किया, तो पुलिस ने सुकांत को उनके समर्थकों के साथ हिरासत में ले लिया।



इससे पहले सुकांत ने पुलिस के खिलाफ धरना देते हुए कहा था कि उन्हें अवैध तरीके से रोका गया। उन्हें एक राष्ट्रीय राजमार्ग पर रोका गया है, जो कि अवैध है।

उन्होंने कहा था कि वह बेलडांगा में भारत सेवाश्रम संघ के महाराज से मिलने जा रहे थे। लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक लिया। सुकांत मजूमदार ने आरोप लगाया कि पुलिस ममता बनर्जी के आदेश पर काम कर रही है।

बेलडांगा में दो समुदायों के बीच हुई हिंसा में 17 लोग घायल हुए हैं। यह हिंसा शनिवार रात को तब भड़क उठी थी, जब कार्तिक पूजा के दौरान बनाए गए अस्थायी दरवाजे के बोर्ड पर आपत्तिजनक शब्द लिखे मिले थे। पुलिस ने हिंसा के बाद निषेधाज्ञा लागू कर दी थी और इलाके में इंटरनेट भी बंद कर दिया गया।

क्षेत्र के हालात देखने जा रहे भाजपा नेता को पुलिस ने यह कहकर रोका कि वहां अभी प्रतिबंध लागू हैं और उनका दौरा अशांति पैदा कर सकता है। भाजपा नेता के काफिले को रोकने के लिए नादिया जिले के कृष्णानगर में बड़ी संख्या में पुलिसबल मौजूद रहा। इसके बाद सुकांत ने वहीं पर धरना शुरू कर दिया।

**बेलडांगा में दो समुदायों के बीच हुई हिंसा में 17 लोग घायल हुए हैं। यह हिंसा शनिवार रात को तब भड़क उठी थी, जब कार्तिक पूजा के दौरान बनाए गए अस्थायी दरवाजे के बोर्ड पर आपत्तिजनक शब्द लिखे मिले थे। पुलिस ने हिंसा के बाद निषेधाज्ञा लागू कर दी थी और इलाके में इंटरनेट भी बंद कर दिया गया**

मजूमदार ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा, पुलिस ने कहा कि वहां निषेधाज्ञा लागू है, इसलिए मैं वहां नहीं जा सकता। उन्होंने मुझे बेलडांगा से 70 किलोमीटर पहले रोक लिया। हम वहां कानून-व्यवस्था से जुड़ी स्थिति खड़ी करने नहीं जा रहे। मैंने उन्हें कहा है कि हमें डीएम या एसपी ऑफिस तक पहुंचाया जाए। लेकिन वे हमें जाने ही नहीं दे रहे।

वहीं, कृष्णानगर जिले के एक अधिकारी ने कहा कि मजूमदार को एहतियातन रोका है, क्योंकि यह डर है ।

## नौसेना के दो दिवसीय 'सी विजिल-2024' की तैयारियां पूरी, आज होगा आगाज; परखेंगे अपनी ताकत

**कोलकाता ।** भारतीय नौसेना ने 'सी विजिल-2024' के चौथे संस्करण की तैयारियां पूरी कर ली है। दो दिवसीय आयोजन का आज आगाज होगा। भारतीय नौसेना अपनी समुद्री सुरक्षा क्षमता को परखने के लिए 20 और 21 नवंबर को पूरे देश में राष्ट्रीय स्तर का तटीय रक्षा अभ्यास करने जा रही है। नौसेना के अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रव्यापी इस अभ्यास के हिस्से के रूप में बंगाल में नौसेना के प्रभारी अधिकारी (एनओआइसी) की देखरेख में कोलकाता और बंगाल तट पर भी यह अभ्यास आयोजित किया जाएगा।

कोलकाता में नौसेना के प्रमुख बेस आईएनएस नेताजी सुभाष में पत्रकारों से बातचीत में बंगाल में नौसेना के प्रभारी अधिकारी कमोडोर अजय यादव ने बताया कि पूरा अभ्यास नौसेना स्टेशन कोलकाता में संयुक्त समन्वय केंद्र (जेसीसी) से संचालित किया जाएगा। इसमें सभी हितधारकों के प्रतिनिधि बेहतर समन्वय और तालमेल के लिए मिलकर काम करेंगे।



### 16 केंद्रीय और राज्य एजेंसियां लेंगी भाग

उन्होंने बताया कि यह अभ्यास भारतीय नौसेना द्वारा तटरक्षक बल, बंगाल पुलिस, राज्य मत्स्य विभाग, नौवहन, बंदरगाह और जलमार्ग विभाग, सेना व वायुसेना, सीआईएसएफ, बीएसएफ, सीमा शुल्क, खुफिया ब्यूरो सहित 16 केंद्रीय और राज्य एजेंसियों की भागीदारी और समर्थन से आयोजित किया जाएगा। एनसीसी भी पहली बार इस अभ्यास में भाग ले रही है।

यादव ने बताया कि 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के बाद 2019 में शुरू हुए इस द्विवार्षिक अभ्यास का उद्देश्य समुद्र से उत्पन्न होने वाले खतरों के खिलाफ भारतीय तटरेखा पर तटीय रक्षा प्रतिक्रिया की प्रभावशीलता को परखना है। अभ्यास तटीय परिसंपत्तियों जैसे बंदरगाहों, तेल रिग, केबल लैंडिंग प्वाइंट और तटीय आबादी की सुरक्षा सहित महत्वपूर्ण तटीय बुनियादी ढांचे की सुरक्षा को मजबूत करने पर केंद्रित होगा।

एनसीसी और भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के छात्रों को दी गई जानकारी उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक और अन्य एजेंसियों के कई जहाज और विमान अभ्यास में भाग लेंगे।

## बैरनबोइम-अव्वाद को मिला इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार इस्राइल-फलस्तीनी लोगों की मित्रता में योगदान

**नुई दिल्ली ।** 2023 का इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार डेनियल बैरनबोइम और अली अबू अव्वाद को दिया गया। इन्होंने संगीत, वार्ता और लोगों की भागीदारी के जरिये इस्राइल और फलस्तीनियों के बीच मित्रता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पुरस्कार विजेताओं का चयन भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश टी एस ठाकुर की अध्यक्षता वाली एक प्रतिष्ठित जूरी की ओर से किया गया। यह पुरस्कार मंगलवार को इंदिरा गांधी की जयंती पर वर्चुअली प्रदान किया गया।



वर्चुअली आयोजित इस समारोह में इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट की अध्यक्ष सोनिया गांधी, भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी, जूरी के वर्तमान प्रमुख और पूर्व एनएसए शिवशंकर मेनन, न्यायमूर्ति टी एस ठाकुर, डेनियल बैरनबोइम की ओर से पुरस्कार स्वीकार करने वाली मरियम सी. सईद और अन्य लोग शामिल हुए। हामिद अंसारी ने पुरस्कार प्रदान किया। कांग्रेस के एक्स हैंडल पर वर्चुअल समारोह का वीडियो साझा किया गया। डैनियल पियानोवादक और अव्वाद फलस्तीनी शांति कार्यकर्ता।

डैनियल बैरनबोइम अर्जेंटीना में जन्मे एक प्रतिष्ठित शास्त्रीय पियानोवादक हैं।

जो दुनिया के कुछ प्रमुख ऑर्केस्ट्रा के साथ प्रदर्शन और निर्देशन के लिए प्रसिद्ध हैं। इन्होंने पश्चिम एशिया में सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए संगीत का सहारा लिया। वहीं, अली अबू अव्वाद एक प्रख्यात फलस्तीनी शांति कार्यकर्ता हैं। वह मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए फलस्तीन और इस्राइल के लोगों के साथ अथक प्रयास कर रहे हैं।

सम्मान मिलने के बाद, अली अबू अव्वाद ने कहा कि जब वह जेल में थे तो उन्हें अहिंसा की शक्ति के बारे में पता चला। उन्होंने महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू के बारे में बहुत कुछ पढ़ा है।

# पुलिस ने आरोपी सहयात्री को किया गिरफ्तार

## एयर इंडिया के विमान में महिला यात्री का यौन उत्पीड़न



**पणजी ।** एयर इंडिया के दिल्ली से गोवा जा रहे विमान में महिला यात्री के यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है।

दिल्ली निवासी एक महिला यात्री ने शिकायत दर्ज कराई है कि विमान में पुरुष यात्री ने उसका यौन उत्पीड़न किया। महिला यात्री की शिकायत के बाद पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

शिकायत के मुताबिक दिल्ली के जनकपुरी निवासी एक महिला मंगलवार को एयर इंडिया की दिल्ली से गोवा फ्लाइट में यात्रा कर रही थी। मंगलवार सुबह 11 बजे से दोपहर 1:20 बजे के बीच विमान में उसके पास वाली सीट पर बैठे यात्री ने कंबल खींच लिया और कथित तौर पर गलत हरकतें करने लगा। आरोपी जानबूझकर पीड़िता के बगल में कंबल खुला रखा।

विमान जब दक्षिण गोवा के डाबोलिम स्थित गोवा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा तो महिला ने आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस से शिकायत की। इसके बाद डाबोलिम हवाई अड्डा पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक की पहचान पानीपत हरियाणा निवासी जितेंदर जंगियन के रूप में हुई।

पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 75 (यौन उत्पीड़न) और 79 (मौखिक अपमान, अनुचित इशारे और गोपनीयता पर आक्रमण सहित किसी महिला की विनम्रता को अपमानित करने का इरादा) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**शिकायत के मुताबिक दिल्ली के जनकपुरी निवासी एक महिला मंगलवार को एयर इंडिया की दिल्ली से गोवा फ्लाइट में यात्रा कर रही थी। मंगलवार सुबह 11 बजे से दोपहर 1:20 बजे के बीच विमान में उसके पास वाली सीट पर बैठे यात्री ने कंबल खींच लिया और कथित तौर पर गलत हरकतें करने लगा**

## महिलाओं-बच्चों की हत्या मानवता के खिलाफ अपराध सीएम सिंह बोले- दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाएंगे

**इंफाल ।** कुकी उग्रवादियों की तरफ से छह लोगों को मौत के घाट उतारे जाने की घटना पर मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने दुख जाहिर किया है। उन्होंने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार तब तक शांत नहीं बैठेगी, जब तक दोषियों को न्याय के कठघरे तक नहीं पहुंचा दिया जाता।

उन्होंने कहा कि तीन महिलाओं और तीन बच्चों के हत्यारों को पकड़ने के लिए खोज अभियान जारी है। सभी छह मृतकों के शव पिछले हफ्ते जिरीबाम जिले में एक नदी से बरामद किए गए थे।



इसी घटना का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं और बच्चों की हत्या मानवता के खिलाफ अपराध है।

बीरेन सिंह ने एक्स पर साझा किए गए एक वीडियो में कहा, ह्यह्यआज मैं जिरीबाम में कुकी आतंकवादियों के एक परिवार के लोगों को बंधक बनाए जाने और फिर तीन निर्दोष बच्चों और तीन महिलाओं की निर्मम हत्या किये जाने की घटना की निंदा करता हूं।

### यह बेहद दुखद घटना है।

मुख्यमंत्री ने कहा, ह्यह्यइस तरह के बर्बर कृत्यों की किसी भी सभ्य समाज में कोई जगह नहीं है। मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि इन आतंकियों को जल्द ही न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। जब तक उन्हें उनके अमानवीय कृत्य के लिए जवाबदेह नहीं ठहराया जाएगा, हम चैन से नहीं बैठेंगे।

गौरतलब है कि इससे पहले सुरक्षाबलों और उग्रवादियों के बीच गोलीबारी में 10 की मौत हो गई थी। इसके बाद से ही जिरीबाम में विस्थापितों के एक शिविर से 11 नवंबर से छह लोगों के लापता होने की खबर आई थी।

मुख्यमंत्री ने जिरीबाम में तुरंत कार्रवाई करने के लिए सीआरपीएफ को धन्यवाद दिया और कहा कि कर्तव्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने जिरीबाम के बोरोबेक्रा स्थित राहत शिविरों में रहने वाले सैकड़ों लोगों की जान बचाई।

## सीएम ममता ने 140 अवैध होटलों को गिराने की कार्रवाई रोकी

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को मंदारमणि के समुद्र तट पर बने 140 अवैध होटलों को गिराने की कार्रवाई रोक दी है। यह कार्रवाई पूर्व मेदिनीपुर जिले के अधिकारियों द्वारा की जा रही थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कहीं भी बुलडोजर के इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी जाएगी। सूत्रों के अनुसार, ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के बारे में राज्य सचिवालय को पहले से सूचित नहीं किया गया था, जिससे मुख्यमंत्री नाराज थीं। यह कार्रवाई राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) के आदेश के बाद की जा रही थी, क्योंकि इन होटलों ने तटीय विनियमन क्षेत्र (सीआरजेड) का उल्लंघन किया था।



## मणिपुर में इनर लाइन परमिट पर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब, जानें क्या है पूरा मामला

**नई दिल्ली ।** मणिपुर में इनर लाइन परमिट (आईएलपी) के नियम को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बीरेन सिंह सरकार को नोटिस जारी किया। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका में राज्य की आईएलपी प्रणाली को चुनौती दी गई है।

अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड और मिजोरम के अलावा मणिपुर वह राज्य है, जहां आईएलपी लागू है। इन राज्यों में दौरा करने के लिए बाहरी लोगों या किसी और राज्य के लोगों को अनुमति की जरूरत होती है।

इस याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस ऋषिकेश रॉय और जस्टिस एसवीए भट्टी की बेंच ने मणिपुर सरकार को जवाब देने के लिए आठ हफ्ते का समय दिया। यह याचिका आमरा बंगाली नाम के संस्थान ने डाली है। सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले 3 जनवरी 2022 को केंद्र और मणिपुर सरकार को नोटिस जारी किया था। याचिका में कहा गया है कि आईएलपी ने राज्य को बेरोकटोक ताकत दे दी है, जिससे वह मणिपुर के अस्थायी नागरिकों के आने-जाने पर सख्त नियंत्रण रखता है।



**अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड और मिजोरम के अलावा मणिपुर वह राज्य है, जहां आईएलपी लागू है। इन राज्यों में दौरा करने के लिए बाहरी लोगों या किसी और राज्य के लोगों को अनुमति की जरूरत होती है।**

# दुनियाभर में मीठे व ताजे पानी का स्तर गिरा

## नासा-जर्मन उपग्रहों से प्राप्त जानकारी के आधार पर खुलासा

**नई दिल्ली ।** सूखे के समय सिंचाई की जानी वाली खेती में बढ़ोतरी के साथ-साथ खेतों और शहरों को भूजल पर अधिक निर्भर रहने के कारण भूमिगत जल आपूर्ति में गिरावट का चक्र शुरू हो जाता है। अब नासा और जर्मन उपग्रहों से प्राप्त अवलोकनों का उपयोग करते हुए वैज्ञानिकों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम को इस बात के सबूत मिले है कि मई 2014 से धरती पर ताजा और मीठे पानी की कुल मात्रा में अचानक गिरावट आई है और तब से यह कमी लगातार बनी हुई है।

शोधकताओं का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से जब अत्यधिक बारिश होती है तो पानी बह जाता है यानी बर्बाद हो जाता है, बजाय इसके कि वह भूजल भंडार में समा जाए और उसे फिर से भर दे।



दुनियाभर में 2014 से 2016 के अल नीनो के बाद से मीठे पानी का स्तर लगातार कम हो रहा है और अधिक पानी जल वाष्प के रूप में वायुमंडल में जमा है। तापमान बढ़ने से सतह से वायुमंडल में पानी का वाष्पीकरण और वायुमंडल की जल धारण करने क्षमता दोनों बढ़ जाती है, जिससे सूखे की स्थिति की आवृत्ति और तीव्रता बढ़ जाती है। अनेक दृष्टिमान कारणों से यह साबित होता है कि मीठे पानी में अचानक गिरावट मुख्य रूप से ग्लोबल वार्मिंग के कारण है।

**शोधकर्ताओं का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से जब अत्यधिक बारिश होती है तो पानी बह जाता है यानी बर्बाद हो जाता है, बजाय इसके कि वह भूजल भंडार में समा जाए और उसे फिर से भर दे**

अध्ययन के अनुसार, 2014 से 2016 तक का अल नीनो जलवायु रिकॉर्ड पर सबसे मजबूत अल नीनो घटनाओं में एक थी, जिसमें दक्षिण अमेरिका के तट और अंतरराष्ट्रीय तिथि रेखा के बीच असामान्य रूप से गर्म पानी विकसित हुआ था। इस गर्म पानी ने दुनिया के मौसम को कई तरह से प्रभावित किया जिसके कारण मौसम चक्र भी प्रभावित हुआ। वेनेजुएला, ऑस्ट्रेलिया और कई प्रशांत द्वीपों में सूखे की स्थिति रही। कई जगहों पर भारी बाढ़ भी आई।

इसके अलावा प्रशांत महासागर में सामान्य से ज्यादा उष्णकटिबंधीय चक्रवात आए और उत्तरी प्रशांत महासागर में सामान्य से कम चक्रवात आए। इसकी वजह से उष्णकटिबंधीय प्रशांत क्षेत्र में समुद्र का तापमान बढ़ा। इससे वायुमंडलीय जेट धाराओं में बदलाव आया, जिसने दुनियाभर में मौसम और बारिश का पैटर्न को बदल दिया।

## राज्यपाल बोस ने बंगाल की कानून व्यवस्था पर की टिप्पणी कहा- रिपोर्ट मांगने पर जानकारी नहीं देती सरकार

**कलकत्ता ।** पश्चिम बंगाल में हाल ही में कई हिंसा की घटनाएं देखने को मिली हैं। बंगाल की कानून-व्यवस्था पर राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने अहम टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि पिछले दो साल से मैं उन क्षेत्र का दौरा कर चुका हूं, जहां हिंसा हुई है। इस दौरान कई पीड़ितों और उनके परिजनों से बातचीत भी की। उन्होंने सीमा पार से घुसपैठ के सवाल पर कहा कि भारत सरकार और खुफिया एजेंसियां इस पर ध्यान दे रही हैं और तुरंत कार्रवाई कर रही हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। राज्यपाल बोस ने कहा कि जब भी उन्होंने प्रशासन के किसी भी पहलू पर रिपोर्ट मांगी तो राज्य सरकार ने उन्हें समय पर जानकारी नहीं भेजी।



नवंबर 2022 में बंगाल के राज्यपाल बने बोस ने आम जनता और यहां की संस्कृति की सराहना करते हुए कहा कि मेरा अनुभव संतोषजनक रहा है। मुझे बंगाल और यहां के लोगों की महानता का अहसास हुआ। बंगाल एक ऐसा स्थान है जो अपनी संस्कृति के लिए जाना जाता है। बंगाल की एक महान परंपरा है। यह कहा जाता था कि बंगाल में पहले इतने दूरदर्शी लोग थे, जो अनुमान लगा लेते थे कि भविष्य में क्या होने वाला है, लेकिन अब ऐसी बात नहीं है।

शांति और शौहार्दपूर्ण माहौल में रहना जनता का अधिकार है। अब लोगों के जीवन और संपत्ति की रक्षा करना सरकार का कर्तव्य है। कानून व्यवस्था बनाए रखना राज्य सरकार का दायित्व राज्यपाल ने आगे कहा कि पिछले दो साल के कार्यकाल में मुझे ऐसा महसूस हुआ है कि बंगाल में राजनीतिक हिंसा बढ़ रही है। कानून-व्यवस्था बनाए रखना राज्य सरकार का दायित्व है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। गुरुवार 21 नवंबर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# भाजपा के चुनावी बस्तों पर दिखाई दी जनता की चढ़त



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चुनाव में अनुमान होते हैं, चुनाव मे गुमान होते हैं और चुनाव में रुझान होते हैं। इसके अलग अलग मानक होते हैं और मतदान प्रतिशत के साथ-साथ एक सबसे बड़ा मानक चुनावी बस्तों पर जनता की भीड़ होता है। बस्ते एक तरह से रुझान बताते हैं, बस्ते ध्यान दिलाते हैं कि जनता कहां रुचि दिखा रही है। एक तरह से चुनावी बस्ते भी अपने आप में सबसे बड़ा एग्जिट पोल होते हैं। बस्तों को चुंबक माना जाता है और मतदाता लोहे की तरह उधर खिंचता है। वहीं वोटर भी बस्तों पर जाकर इस बात का संकेत देता है कि अब यहां पर्ची लेने आए हैं तो वोट भी इसे ही देंगे। करंट क्राइम की टीम ने शहर विधानसभा क्षेत्र में अलग अलग क्षेत्रों में घूमकर जब बूथों के बाहर मतदान केंद्रों पर लगाए गए बस्तों पर जब भीड़ का आंकलन किया तो ये भीड़ बता रही है कि भाजपा बढ़त ले रही है। लाइनपार क्षेत्र से लेकर कैला भटटा, क्रॉसिंग, विजयनगर सहित शहर के बस्तों पर करंट क्राइम की टीम ने ग्रांउड लेवल पर रुझान को समझने की कोशिश की। करंट क्राइम की टीम इन बस्तों पर पहुंची और जनता का रुझान भांपने की कोशिश की। इसमें कोई शक नहीं कि भाजपा के बस्तों पर मतदाता की दस्तक थी।यहां अन्य दलों के बस्ते थे लेकिन जो रोनक भाजपा के बस्तों पर थी वो रोनक अन्य दलों के बस्तों पर नहीं थी। हालांकि अब सब कुछ ईवीएम में कैद हो गया है लेकिन तुलनात्मक बात करें तो लोग बसपा, सपा और असपा के बस्तों पर भी थे मगर जो भीड़ भाजपा के बस्तों पर दिखाई दे रही थी वो इन बस्तों पर नहीं थी।



## शहर सीट पर इस गणित से भाजपा लेती दिखाई दे रही है बढ़त

### एमबी गर्ल्स से लेकर गांधीनगर के बस्तों पर दिखा केसरिया रंग



करंट क्राइम। अगर बस्तों की बात करें तो करंट क्राइम की टीम सबसे पहले एमबी गर्ल्स स्कूल पर पहुंची और यहां बस्तों पर लोगों की भीड़ को टटोला। एमबी गर्ल्स पर बूथ संख्या 379 से लेकर 387 तक मतदाता थे। खास बात ये है कि यहां केसरिया जलवा बस्तों पर था। पटेलनगर, मुकुंदनगर के बूथ संख्या 366 से 369 तक थे और यहां भी भाजपा के ही बस्तों पर ही भीड़ थी हालांकि यहां कुछ लोग गठबंधन के बस्ते पर भी नजर आई। इसके बाद करंट क्राइम की टीम राकेश मार्ग पहुंची जहां बूथ संख्या 494, 496 के वोटर थे और यहां भी भगवा बस्तों पर भगवा भीड़ थी। गांधीनगर राकेश मार्ग में बूथ संख्या 492, 493 पर भी भगवा पर्ची ही चल रही थी। दयानंनगर में बूथ संख्या 475 से लेकर 480 तक थोड़ा मिश्रित मामला दिखाई दिया। यहां भाजपा के बस्तों पर भी लोग थे, लेकिन यहां बसपा के बस्तों पर भी भीड़ दिखाई दी। एमएमएच कॉलेज मॉडल टाउन के बूथ संख्या 461 से 466 तक एक तरफा भाजपा का ही जलवा दिखाई दिया।

### लाइनपार क्षेत्र में भगवा बस्तों पर थी भीड़ लेकिन विपक्षी बस्तों पर भी दिखे लोग



करंट क्राइम। लाइनपार क्षेत्र की बात करें तो लाइनपार क्षेत्र के विजयनगर में वार्ड नंबर 3 में बूथ संख्या 236, 237 में भाजपा के बस्ते पर कम भीड़ थी लेकिन यहां गठबंधन और बसपा के बस्तों पर भी सन्नाटा था। ये चाणक्य चौक के बूथ संख्या 227 से लेकर 234 तक मिश्रित भीड़ थी। राजकीय इंटर कॉलेज के इस क्षेत्र में भाजपा के बस्तों पर कम भीड़ थी और यहां थोड़े बहुत लोग सपा और बसपा के बस्तों पर दिखाई दिये। लीलावती पब्लिक स्कूल के बूथ संख्या 386 से 390 तक मतदान हो रहा था। यहां ये आलम था कि समाजवादी पार्टी के बस्ते पर पदाधिकारी और कार्यकर्ता तो बैठे थे लेकिन वोटर नहीं आ रहे थे। सिद्धार्थ विहार की हाईराइज सोसायटी में सबसे बड़ी कमी यही दिखाई दी कि मतदान केंद्र की दूरी ज्यादा बनाई गई थी। यहां बूथ संख्या 134 से लेकर 139 तक का मतदान होना था और यहां भी भाजपा के बस्तों पर लोग थे। जहां किसी ओर किसी दल का बस्ता नजर नहीं आ रहा था। बसपा का एक बस्ता जरूर लगा था लेकिन उस पर कोई बैठा नहीं था।





### लाइन पार में कही भाजपा तो कही सपा कांग्रेस - गठबंधन पर दिखी भीड़





करंट क्राइम। एचएचएमके इंटर कॉलेज में बूथ संख्या 272 से 279 तक रहे और यहां आठ मतदेय स्थल थे। जहां पर भारतीय जनता पार्टी के बस्तों पर भीड़ रही। तो सपा- कांग्रेस कैंडिडेट के यहां भी पब्लिक का रुझान देखने को मिला। वहीं कंपोजिट विद्यालय ड़डाहेड़ा में बूथ संख्या 44 से 51 पर 8 मतदेय स्थल थे और यहां भीड़भाड़ बेहद कम देखने को मिली। इसके साथ ही मॉडल बूथ इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र में 30 से लेकर 37 तक बूथ संख्या मौजूद रहे। आठ मतदेय स्थल थे, यहां पर भाजपा की बस्तों पर भीड़ और मतदाताओं की संख्या अलग संदेश दे रही थी। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय अंबेडकर नगर में बूथ संख्या 247 ,248 और 249 जहां तीन मतदेय स्थल थे, तो वहीं प्राथमिक विद्यालय नूर नगर कई बूथ जहां अमूमन भीड़ देखी जाती है लेकिन इस बार यहां भीड़ कम थी। कैला भट्टा क्षेत्र के अन्य बूथों पर पतंग वाले प्रत्याशी और सपा-कांग्रेस गठबंधन के बस्तों पर भीड़ थी। यहां भाजपा की स्थिति मजबूत नहीं दिखी। तो वही ठाकुर द्वारा विद्यालय पर पिंक बूथ बनाया गया था, जहां बूथ संख्या 388, 379 और 390 रहा और यहां तीन मतदेय स्थल बनाए गए थे। यहां महिलाएं अधिक नजर आ रही थीं और बुजुर्ग मतदाता भी देखे गए, जो व्हीलचेयर का सहारा ले रहे थे। इसके साथ ही युवा बूथ के रूप में गोल्डन पब्लिक स्कूल पर मतदेय स्थल और चार बूथ थे जिनकी संख्या 127 से 130 रही। उधर नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज इस्लामनगर में भी सपा के वस्तों पर भीड़ थी। यहां 11 पोलिंग बूथ से जो 288 से 298 तक रहे। तो वहीं आंगनबाड़ी केंद्र इस्लाम नगर में भी मतदाताओं की भीड़ देखने को मिली। इसके साथ ही बसंत पब्लिक स्कूल हरवंश नगर में चार पोलिंग बूथ थे, यहां भाजपा के बस्तों पर भीड़ और सपा-बसपा पर भी माहौल नजर आ रहा था। इसके साथ ही सिद्धार्थ स्कूल जटवाड़ा में पोलिंग बूथ 426 से 431 रहा, यहां छह मतदेय स्थल थे ,यहां पर भी भाजपा का जोर देखने को मिला।

### साहिबाबाद से लेकर मुरादनगर वालों ने भी संभाली भगवा बस्तों पर कमान



करंट क्राइम। अगर बात शहर विधानसभा चुनाव की करें और मतदान की बात करें तो यहां मुरादनगर और साहिबाबाद के भाजपाइयों ने भी कमान संभाली। इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल में बनाए गए मतदान केंद्र पर बूथ संख्या 116 से 126 तक मतदान हुआ। यहां भाजपा के कई बस्तों पर साहिबाबाद और मुरादनगर के लोगों की ड्यूटी लगाई गई थी। पार्षद सचिन डागर, स्थानीय पार्षद गोपाल शिशोदिया, पार्षद राजकुमार भाटी यहां डटे नजर आए। इसके अलावा लीलावती स्कूल के पास पार्षद मंजू सिंह ने कमान संभाली और यहां भाजपा के पार्षद श्याम शर्मा और राहुल मुस्तैद नजर आए। आईटी सेल की प्रियंका प्रयदर्शिनी भी बस्तों पर दिखाई दी और भगवा कमांडर की पत्नी भी मतदान वाले दिन क्षेत्र में घूमकर परिस्थितियों का निरीक्षण करती रहीं। (गौरव शशि नारायण की एक खबर भी इसी में ऐड होगी।

## उपचुनाव में ये भी रहा है रोचक गदर, उधर वाले इधर तो इधर वाले लड़े उधर

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। शहर विधानसभा में उपचुनाव हुआ और इस उपचुनाव में कुछ संयोग ऐसे हुए हैं कि वो अपने आप में एक रोचक कथा बन गए हैं। इसे आप परिस्थितियों का गदर भी कह सकते हैं और सियासी हलचल में ये कभी बताए भी जाएंगे। शहर विधानसभा का उपचुनाव ऐसा हुआ कि जब बहुत सारी चीजें इधर से उधर और उधर इधर हो गई। ये पहला चुनाव था जिसमें उम्मीदवार नदिया पार से आया और टिकट घोषित होने के बाद उसने लाइपार में मकान ले लिया। जो बसपा के महावत थे जो बसपा के पार्षद के रहे, जो बसपा के कोर्डिनेटर रहे वो सिंहराज जाटव सपा की साइकिल पर सवार होकर चुनाव लड़ें। बसपाई समाजवादी हो गया और कमाल तो ये हो गया कि समाजवादी बसपाई हो गया। बसपा के पीएन गर्ग समाजवादी पार्टी में थे, वो बसपा में आए औरप उन्हें उम्मीदवार घोषित किया गया। सपा और बसपा के इस खेल में असपा भी पीछे नहीं रही। आजाद समाज पार्टी से सतपाल चौधरी चुनाव लड़े और सतपाल चौधरी बसपा से ही पहले विधानसभा उम्मीदवार घोषित हुए थे। उनकी पत्नी बसपा के टिकट पर मेयर चुनाव लड़ी थीं और जो कभी बसपा से लड़े थे वो असपा से उम्मीदवार हो गए। सपा वाले बसपाई हो गए और बसपा वाले सपाई हो गए। नदिया पार वाले लाइनपार के निवासी हो गए।




### जो जनता से मांग रहे थे वो उन्होंने खुद ही नहीं डाला वोट

इस चुनाव का एक रोचक पहलू ये भी रहा कि जो भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा पूरे शहर में सभी से वोट मांग रहे थे उन संजीव शर्मा का ही शहर विधानसभा में वोट नहीं था। भाजपा उम्मीदवार ने सबसे वोट मांगे लेकिन उन्होंने खुद ही वोट नहीं डाला क्योंकि इस विधानसभा में उनका वोट ही नहीं था। नेहले पर देहला ये रहा जिन्होंने ये सीट छोड़ी और वो दो बार लगातार यहां से विधायक रहे हैं उन अतुल गर्ग ने भी संजीव शर्मा को वोट नहीं दिया क्योंकि उनका भी इस विधानसभा में वोट नहीं है। तो ये ऐसा चुनाव रहा कि जिसमें पहले विधायक ने वोट नहीं दिया और विधानसभा उम्मीदवार ने वोट नहीं दिया।

### कैबिनेट मंत्री से लेकर राज्यमंत्री और मेयर ने भी नहीं किया मतदान

जिन चेहरों ने चुनाव की कमान थाम रखी थीं वो चेहरे मतदान के दिन बूथ से भी दूर रहे। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप, मेयर सुनीता दयाल ने भी भाजपा उम्मीदवार को वोट नहीं डाला। क्योंकि ये सभी दूसरी विधानसभा के वोटर हैं। केवल मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी ने वोट डाला क्योंकि वो विधायक मुरादनगर विधानसभा के हैं और मतदाता वो गाजियाबाद शहर सीट के हैं।

### उनके मुखिया आए तीन बार और सपा बसपा में होता रहा इंतजार

शहर विधानसभा उपचुनाव में एक ये भी संयोग रहा कि मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीन बार यहां आए। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक तीन बार आए लेकिन सपा में उनके मुखिया अखिलेश यादव केवल एक बार कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने आए और वो भी चुनावी विधानसभा में ना होकर मुरादनगर विधानसभा में था। बसपा के उम्मीदवार अपनी मुखिया मायावती के आने का इंतजार ही करते रह गए, कोई नहीं आया। कांग्रेस के प्रियंका गांधी से लेकर राहुल गांधी का इंतजार होता रहा लेकिन कोई नेता नहीं आया।

## ईवीएम मशीनें रखी गई ट्रिपल लेयर सुरक्षा में

करंट क्राइम ।शहर सीट विधानसभा के लिए यूपी चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। उपचुनाव के बाद अब ईवीएम मशीनों को ट्रिपल लेयर की सुरक्षा में अनाज मंडी गोविंदपुरम में रखा गया है। जहां 500 से अधिक ईवीएम मशीनों को अगले तीन दिन के लिए सुरक्षा घेरे में रखा जाएगा। यहां केंद्रीय सुरक्षा बलों और विशेष पुलिस फोर्स को ईवीएम मशीनों की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया है। इसके साथ ही 80 से अधिक सीसीटीवी भी यहां निगरानी रखने का काम करेंगे। राउंड द क्लॉक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही गोविंदपुरम मंडी में उन्हीं लोगों को प्रवेश मिलेगा जिनके पास प्रशासन से जारी पहचान पत्र मौजूद होगा। एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया है कि गोविंदपुरम अनाज मंडी में ईवीएम मशीनों के स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं, जिसकी सुरक्षा पूरे प्रोटोकॉल के साथ निभाई जाएगी।



## मतदान संपन्न होते ही कर दिया लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने ऐलान

## एक लाख से अधिक वोटों से चुनाव जीतकर भाजपा रचने जा रही है इतिहास

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग बुधवार को लगतार मतदान की पल पल की अपडेट लेते रहे। वो चुनाव कार्यालय पर आ गए थे और यहां से उन्होंने शहर विधानसभा क्षेत्र के हर बूथ की अपडेट ली। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के लिये ये चुनाव अहम है क्योंकि ये वो सीट है जिस पर वो एक बार चुनाव हारे हैं और दो बार चुनाव जीते हैं। इसी सीट से विधायक रहते हुए वो सरकार में खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री बनें। वो स्वास्थ्य व चिकित्सा मंत्री बनें और इसी सीट पर विधायक रहते हुए उनका प्रमोशन हुआ और उन्हें लोकसभा का टिकट मिला और वो चुनाव जीतकर सांसद बनें।

अतुल गर्ग के लिये ये सीट इसलिए भी अहम है क्योंकि यहां से संजीव शर्मा का टिकट उन्हीं का टिकट माना जाता है। अतुल गर्ग शुरू से ही संजीव शर्मा के चुनाव को बारीकी से देख रहे थे और जब बुधवार को मतदान का दिन आया तो लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने सुबह से ही भाजपा के चुनाव कार्यालय पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप, मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी और वरिष्ठ भाजपा नेता पृथ्वी सिंह कसाना के साथ डेरा डाला हुआ था।



सुबह जब नौ बजे केवल पांच प्रतिशत का आंकड़ा आया तो यहां अतुल गर्ग की चिंता उनके शब्दों में दिखाई दी। इसके बाद समय आगे बढ़ा और भले ही गाजियाबाद की शहर सीट पर यूपी की अन्य सीटों के मुकाबले कम मतदान हुआ लेकिन ये मतदान गाजियाबाद की दृष्टि से बेहद अहम है। वर्ष 2016 में मेयर उपचुनाव में केवल 18 प्रतिशत मतदान हुआ था और तब भाजपा के अशु वर्मा यहां 45 हजार से अधिक वोटों से चुनाव जीते थे। ऐसे में 33 प्रतिशत का ये पोल बहुत कुछ बोल रहा है। क्योंकि इस बार इस क्षेत्र में लाइनपार का इलाका भी है और 33.30 प्रतिशत का मतदान भी एक बड़ी उपलब्धि है। बहरहाल मतदान का समय आगे बढ़ रहा था और अतुल गर्ग के दावे का इंतजार हो रहा था। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग राजनीति में अच्छे भविष्यवक्ता माने जाते हैं उनके अनुमान सटीक बैठते हैं। हालांकि लोकसभा में उनका दावा उतना सटीक नहीं रहा लेकिन इस एरर के पीछे उनका अनुमान नहीं डाउन मतदान प्रतिशत जिम्मेदार था।

क्योंकि अतुल गर्ग ने वो दावा अनुमानित मतदान पर किया था, लेकिन मतदान प्रतिशत के बाद समीकरण ही बदल गए। बताते हैं कि मतदान हो रहा था तो अतुल गर्ग के चेहरे पर उस समय गंभीरता छाई जब उनके पास लखनऊ से एक फोन आया। फोन के शब्द एहसास करा रहे थे कि लखनऊ वाले धीमे मतदान को लेकर चिंतित हैं। हालांकि अतुल गर्ग ने उन्हें गाजियाबाद का सियासी चुनावी गणित बताया। इसके साथ जब मतदान समाप्त हुआ तो अतुल गर्ग ने उंगली उठाई। इस एक उंगली का मतलब समझने के लिये वहां उनके राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप, प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मेदी वाले, अनुज मित्तल तथा वरिष्ठ भाजपा नेता पृथ्वी सिंह कसाना मौजूद थे। इस पूरे घटनाक्रम का साक्षी दैनिक करंट क्राइम भी वहीं था।

जब अतुल गर्ग ने उंगली उठाई और दावा किया कि संजीव शर्मा एक लाख वोटों से चुनाव जीत रहे हैं। बहरहाल अब 23 नवंबर को मतगणना होनी है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का दावा कितना सटीक है ये पता चलेगा, लेकिन यदि ये दावा सही निकलता है तो संजीव शर्मा की एक लाख प्लस से हुई ये जीत कई को जवाब देगी। कई आलोचनाओं को ये एक लाख प्लस का आंकड़ा मानइस कर देगा। बहरहाल लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने दावा कर दिया।

## चुनाव लड़ रहे थे संजीव और बस्ते पर आ गए आमने-सामने राजीव और राजीव

### मामला पहुंचा सांसद के पास औरप संदेश मिला मिलकर लड़ाओ चुनाव

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा इस चुनाव में पूरे उत्साह के साथ थी। उत्साह कार्यकताओं में था और नवयुग मार्किट में ये उत्साह अपने चरम पर था। नवयुग मार्किट की राजनीति का अपना एक मिजाज है। यहां पार्षद राजीव शर्मा हैं। उन्हें संजीव शर्मा के चुनाव का सहसंयोजक भी बनाया गया था। वो इस क्षेत्र के टीआरपी वाले नेता माने जाते हैं। इस पूरे चुनाव में उन्होंने संजीव शर्मा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चुनाव लड़वाया। अपने क्षेत्र में सफल रोड शो कराया। मजबूत टीम के साथ मजबूत राजनीति करते हैं। इसी क्षेत्र में भाजपा के राजीव अग्रवाल भी रहते हैं। राजीव अग्रवाल पुराने कार्यकर्ता हैं और ओटीसी थर्ड ईयर हैं। तीन बार महामंत्री रहे हैं। भाजपा का समर्पित चेहरा हैं।

क्षेत्र की राजनीति का गजब सीन तब दिखाई दिया जब संजीव के चुनाव में राजीव के सामने राजीव आ गए। राजीव शर्मा ने चुनाव में अपना बस्ता लगाया था, वो भाजपा के हर चुनाव में बस्ता लगाते हैं। मतदाता को घर से लाते हैं। यहां सीन तब रोचक हो गया जब नवयुग मार्किट की पुरानी पुलिस चौकी के सामने राजीव अग्रवाल ने भी अपना बस्ता लगा लिया। अब ये सूचना चुनाव कार्यालय पर बैठे लोकसभा सांसद अतुल गर्ग तक भी पहुंची। उन्हें बताया गया कि दोनों ही राजीव बस्ता लगाए बैठें हैं और भी अपना बस्ता हटाने को तैयार नहीं है। ये कोई बड़ा विवाद नहीं था ये केवल चुनावी समर में कार्यकताओं का अति उत्साह था। जिसे मुस्कुराकर टाला गया। राजीव शर्मा अपने बस्ते पर मौजूद रहे और वहीं राजीव अग्रवाल के बस्ते पर उनके बेटे मानव अग्रवाल दूसरे कार्यकताओं के साथ बैठे दिखाई दिये।





## संपादकीय

# क्यों जल रहा मणिपुर ?

मणिपुर बीते 565 दिनों से सुलग और जल रहा है। अब हिंसा और विद्रोह थम नहीं पा रहे हैं। गुस्सा और आक्रोश इस पराकाष्ठा तक पहुंच चुके हैं कि पहली बार मंत्रियों और विधायकों के आवास बड़े स्तर पर निशाने पर हैं। रविवार को एक भाजपा विधायक का घर फूंक दिया गया। भाजपा-कांग्रेस के दफ्तरों में तोड़-फोड़ की जा रही है। तीन मंत्रियों सहित 9 विधायकों के घरों पर हमले किए जा चुके हैं। बीते शनिवार को गुस्साई भीड़ ने एनपीपी विधायक रामेश्वर सिंह को घर से निकाल कर खूब पीटा। त्वरित प्रतिक्रिया में एनपीपी ने बीरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस ले लिया। पार्टी के 7 विधायक हैं। समर्थन वापसी का पत्र भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को भी भेज दिया गया है। तीन निर्दलीय विधायकों ने भी सरकार से समर्थन खींच लिया है। कुकी समुदाय के 7 विधायक मई, 2023 से ही राज्य की भाजपा सरकार से अलग हैं। कुल 17 विधायकों के समर्थन वापस लेने के बावजूद मुख्यमंत्री बीरेन सिंह की सरकार अल्पमत में नहीं है, क्योंकि 60 के सदन में सरकार को कुल 52 विधायकों का समर्थन हासिल था। बुनियादी मुद्दा बहुमत या अल्पमत का नहीं है। अलबत्ता मणिपुर के हालात ने सरकार के भीतर ही विद्रोह सुलगा दिया है।

**कुल मिला कर मणिपुर में हालात अराजक हैं, हिंसा और हत्याओं का दौर है, क्या लोकतंत्र में ऐसा ही होता है? क्या किसी भी स्तर पर एक जनजातीय दर्जे का मसला हल नहीं किया जा सकता?**

बताया जाता है कि स्पीकर सहित 14 भाजपा और 5 अन्य विधायकों ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिख कर मुख्यमंत्री बदलने की मांग की है। यदि प्रधानमंत्री ने यथासमय निर्णय नहीं लिया, तो सदन में विश्वास मत की नौबत आ सकती है। यदि भाजपा के विद्रोही विधायक अपनी मांग पर अड़े रहे, तो सरकार अल्पमत में आ सकती है। बहरहाल सवाल यह है कि क्या मोदी सरकार मणिपुर को शांत, स्थिर करने की पक्षधर नहीं है अथवा वह विस्फोटक हालात को नियंत्रित करने में अक्षम, नाकाम है? ताजा घटनाक्रम जलने लगा, तो गृहमंत्री अमित शाह ने शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के संग बैठकें कीं। कुछ विद्रोही विधायकों से फोन पर बातचीत भी की गई। अंततः सीआरपीएफ के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह को मणिपुर भेजा गया है।

सेना और असम राइफल्स के हजारों जवान तैनात हैं और हालात से जूझ रहे हैं। मणिपुर में अफस्पा लागू है, हालांकि मणिपुर अखंडता की समन्वय समिति इसे हटाने का बार-बार आग्रह कर रही है। हालात ऐसे हैं कि महिलाओं और बच्चों की भी हत्याएं की गई हैं, क्योंकि उनके शव मिले हैं। उसके बाद ही ताजा तनाव फैला है और हिंसा बढ़ी है। इंफाल घाटी में कर्फ्यू लगा है। इंटरनेट और मोबाइल डाटा सेवाएं फिलहाल निलंबित हैं। मुद्दा मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय तनाव का है। यह कैसा मसला है, जिसे भारत सरकार सुलझा नहीं पा रही है? संसद के भीतर और बाहर लगातार सवाल किए जाते रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी एक बार भी मणिपुर क्यों नहीं गए? क्या वह भारत गणराज्य का हिस्सा नहीं है? डबल इंजन की सरकार है, लेकिन न तो मणिपुर एक है और न ही वहां की जनता सेफ है! मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के खिलाफ मुद्दत से असंतोष और विद्रोह देखा जा रहा है, फिर भी उन्हें बरकरार रखने का मोह क्या है?

मैतेई समुदाय का आरोप है कि उग्रवादियों ने अपहरण कर उसके लोगों की हत्या की है, जिनके शव मिलने के बाद हालात उग्र हुए थे। बहरहाल मणिपुर में विधायकों के घरों पर हमला करने वाले लोगों को गिरफ्तार किया गया है, दूसरी ओर कुकी समुदाय जिद पर अड़ा है कि जब तक मुठभेड़ में मारे गए उसके युवकों की पोस्टमॉर्टम रपट नहीं मिलेगी, तब तक उनका अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। कुल मिला कर मणिपुर में हालात अराजक हैं, हिंसा और हत्याओं का दौर है, क्या लोकतंत्र में ऐसा ही होता है? क्या किसी भी स्तर पर एक जनजातीय दर्जे का मसला हल नहीं किया जा सकता?

# एआई को लेकर एडवांस नॉलेज रखने में भारत सबसे आगे, अमेरिका-जर्मनी को भी पीछे छोड़ा




**बेंगलुरु, 20 नवंबर।** भारत के अधिकतर नॉलेज वर्कर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करते हैं और उनमें से लगभग आधे लोग एआई को लेकर एडवांस नॉलेज रखते हैं। बुधवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में बताया गया कि सर्वे किए गए भारतीय नॉलेज वर्कर में 46 प्रतिशत लोग एआई के एडवांस यूजर हैं।

टीम कोलैबरेशन और प्रोडक्टिविटी सॉफ्टवेयर में ग्लोबल लीडर एटलसियन की एक रिपोर्ट के अनुसार, एडवांस एआई के मामले में भारत अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया से आगे बना हुआ है।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत के बाद 34 प्रतिशत अमेरिकी नॉलेज वर्कर एडवांस एआई की नॉलेज रखते हैं, वहीं जर्मनी का हिस्सा इस मामले में 32 प्रतिशत है।

फ्रांस के नॉलेज वर्कर का 26 प्रतिशत हिस्सा एडवांस एआई की नॉलेज रखता है तो ऑस्ट्रेलिया के 23 प्रतिशत नॉलेज वर्कर ही एआई के एडवांस यूजर हैं। सर्वे में एआई कोलैबरेशन के लिए चार स्टेज रखे गए थे, जिसमें बेसिक अडॉप्शन सिंपल टूल स्टेज 1 से लेकर एडवांस यूज स्ट्रैजिक पार्टनर और डिसिजन मेकिंग एडवाइजर स्टेज 4 शामिल रहा।

एआई अडॉप्शन को लेकर भारतीय नॉलेज वर्कर्स को महत्वपूर्ण उत्पादकता लाभ का अनुभव हो रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में, एआई को एक सिंपल टूल (स्टेज 1) के रूप में उपयोग करने वाले लोग औसतन प्रतिदिन 104 मिनट बचाते हैं, जबकि वैश्विक औसत लगभग 45 मिनट है। यही रणनीति स्टेज 4 के साथ प्रतिदिन 127 मिनट तक बढ़ जाती है, जो प्रत्येक सप्ताह एक अतिरिक्त कार्यदिवस से अधिक के बराबर है।

एटलसियन के उत्पाद (एआई) प्रमुख जमील वलियानी ने कहा, एआई की पूरी क्षमता का इस्तेमाल करने के लिए, कंपनियों के लिए केवल एआई टूल स्थापित करना काफी नहीं है। उन्हें अपने कर्मचारियों को प्रयोग करने का अवसर भी देने होंगे। वलियानी ने कहा, टीमों को अपने काम में एआई को एक स्ट्रैजिक पार्टनर के रूप में इंटीग्रेट करने के लिए प्रोत्साहित और सशक्त महसूस करना चाहिए।

रिपोर्ट के अनुसार, जैसे-जैसे एआई का बेहतर इस्तेमाल होने लगता है, कर्मचारियों के लाभ बढ़ने लगते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्टेज 3 और 4 के साथ 92 लोगों का मानना है कि उन्होंने एआई को सीखने के लिए जो समय लगाया वह असल में फायदेमंद रहा। सर्वे के अनुसार, 96 प्रतिशत एडवांस यूजर एआई के साथ को-क्रिएशन के जरिए काम की क्वालिटी में सुधार देखते हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है, भारतीय संगठन जो एक्सपेरिमेंट को बढ़ावा देते हैं कर्मचारियों को असफलता के डर के बिना एआई का स्वतंत्रता से इस्तेमाल करने देते हैं, बेहतर परिणाम देखते हैं। एडवांस एआई यूजर्स में से 87 प्रतिशत अपनी लीडरशिप के लिए एआई टूल्स के साथ इनोवेशन और एक्सपेरिमेंट को सपोर्ट करने वाले वातावरण को प्रमुख कारक के रूप में देखते हैं।

# एलन मस्क ने एक्स के लिए जारी किया नया फीचर

**नई दिल्ली।** ट्विटर के मालिक बनने के बाद एलन मस्क ने सबसे पहले इसका नाम बदलकर एक्स किया और उसके बाद से लगातार एक्स में बदलाव हो रहे हैं। एलन मस्क एक्स को एक सुपर एप बनाना चाहते हैं। सुपर एप का मतलब होता कि एक ही एप में सभी तरह के काम हो जाएं यानी यूजर्स को टिकट बुकिंग से लेकर शॉपिंग और सर्विसेज तक के लिए किसी दूसरे एप पर जाने की जरूरत नहीं होगी। इसी कड़ी में एक्स ने भारत के लिए एक नया फीचर रिलीज किया है जिसका सीधा मुकाबला LinkedIn से है।



## एक्स हायरिंग- जॉब सर्च

एक्स ने जॉब हायरिंग फीचर को पिछले साल ही लॉन्च किया था लेकिन यह भारत में उपलब्ध नहीं था। अब इसे भारत में लॉन्च कर दिया गया है। अब भारतीय कंपनियां भी अपने संस्थान में जॉब के लिए एक्स पर पोस्ट कर सकेंगी और यूजर्स सीधे एक्स से ही अप्लाई कर सकेंगे। भारत में एक्स के जॉब सर्च का मुकाबला LinkedInसे होगा।

-Hiring फीचर, जिसे पहले बीटा टेस्ट के रूप में लॉन्च किया गया था, मुख्य रूप से प्लेटफॉर्म पर वेरिफाइड ऑर्गेनाइजेशन के लिए डिजाइन किया गया है। यह फीचर कंपनियों और संभावित उम्मीदवारों को उनके लिए उपयुक्त नौकरी के अवसर खोजने में सक्षम बनाता है।

-Hiring डेटाबेस का इस्तेमाल करता है। जब कंपनियां जॉब ओपनिंग पोस्ट करती हैं, तो यूजर्स इन्हें अपने सर्च में देख सकते हैं। इसके साथ ही एक एप्लिकेशन ट्रैकिंग सिस्टम को शामिल किया गया है, जो टछ फीड्स के माध्यम से कंपनियों को उम्मीदवारों का डेटा प्रदान करता है।

# भारत के इंश्योरटेक सेक्टर ने 5 वर्षों में 12 गुना वृद्धि की हासिल

**मुंबई, 20 नवंबर।** भारत के इंश्योरटेक सेक्टर ने पिछले 5 वर्षों में 12 गुना राजस्व वृद्धि हासिल की है। बुधवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, सेक्टर की क्यूमलेटिव फंडिंग 2.5 बिलियन डॉलर से अधिक है और इकोसिस्टम वैल्यूएशन 13.6 बिलियन डॉलर से अधिक रहा।




बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) द्वारा इंडिया इंश्योरटेक एसोसिएशन (आईआईए) के सहयोग से तैयार की गई रिपोर्ट के अनुसार, देश में 150 से अधिक इंश्योरटेक कंपनियां हैं, जिनमें 10 यूनिकॉर्न और सूनिकॉर्न और 45 से अधिक मिनीकॉर्न हैं, जिनका राजस्व पिछले पांच वर्षों में 12 गुना बढ़कर 750 मिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। बीसीजी में लीड-इंडिया इंश्योरेंस प्रैक्टिस की प्रबंध निदेशक और भागीदार पल्लवी मालानी ने कहा, अधिकतर इंश्योरटेक वैल्यू चेन के एग्रीगेशन और डिस्ट्रिब्यूशन चरणों में मौजूद हैं, जिनका फंडिंग में 80 प्रतिशत से अधिक योगदान है। बीमा कंपनियों के लिए अंडरराइटिंग और क्लेम में डेटा और टेक्नोलॉजी का लाभ उठाने का पर्याप्त अवसर है, जो बीमा उद्योग के निरंतर विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

हालांकि भारत ने महत्वपूर्ण प्रगति की है, लेकिन पैठ बढ़ाना अभी भी प्राथमिकता बनी हुई है, खासकर स्वास्थ्य बीमा में, जहां 45 प्रतिशत चिकित्सा व्यय अभी भी जेब से किया जाता है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि लक्ष्य सभी नागरिकों के लिए 100 प्रतिशत कवरेज प्राप्त करना और जेब से चिकित्सा व्यय को 10 प्रतिशत से कम करना है।

## चुटकुले

चिंटू-पिंटू से...
ये बात समझ में नहीं आती कि शराब की दुकान का वास्तुशास्त्र कौन बनाता है?
चाहे नाले पर हो, दक्षिण दिशा में हो,
सामने गड्ढा हो, बिजली का ट्रांसफार्मर हो या कैसा भी वास्तु दोष हो,
दुकान पर भीड़ हमेशा बनी ही रहती है...

---

सास - बहू, पड़ोस की सुषमा एक नंबर की झूठी है।
उसकी बातों पर कभी विश्वास मत करना।
वैसे तुमसे सुबह क्या कह रही थी?
बहू - कह रही थी कि आप बहुत भली औरत हैं।

---

डॉक्टर - तुमने आने में देर कर दी।
पप्पू - क्या हुआ डॉक्टर साहब, कितना वक्त बचा है मेरे पास?
डॉक्टर - मर नहीं रहे हो, 6 बजे का अपॉइंटमेंट था 7 बजे आए हो।

## रोचक तथ्यों का करंट

- क्या आप जानते हैं? वाइन की बोतलों पर साल का वर्ष तबसे माना जाता है, जबसे अंगूर फ्रूट को चुना गया था, न कि तब जब वाइन को बोतलबंद किया गया था।
- अंगूर फ्रूट का उत्पादन दुनिया भर में बहुत बड़ा, अच्छी तरह से विकसित और लोकप्रिय व्यापार है। इस ग्रह पर लगभग 25 मिलियन एकड़ भूमि अंगूर के बाग के साथ कवर किया गया है। जिससे प्रत्येक वर्ष 72 मिलियन टन अंगूर का उत्पादन होता है, आपको जानकर आश्चर्य होगा की उत्पादित अंगूरों का 71% वाइन के निर्माण में उपयोग किया जाता है, 27% को ताजे फल के रूप में बेचा जाता है और 2% किशमिश में बदल दिए जाते हैं।
- क्या आप जानते हैं? यदि आप एक कटा हुआ अंगूर माइक्रोवेव में गर्म करते हैं, तो यह सुपर-हॉट प्लाज्मा में बदल कर आग के गोले की तरह विस्फोट कर सकता है।
- शायद आप यह नहीं जानते की, दुनिया के पसंदीदा फलों के शीर्ष दस में अंगूर, टमाटर, आम और केले के साथ गिना जाता है।
- अंगूर की बेल लगभग 15 मीटर (50 फीट) की लंबाई तक पहुंच सकती है। एक बेल आमतौर पर अंगूर के 40 गुच्छे पैदा करती है।

# ऑटो पार्ट्स इंडस्ट्री 2024-25 में 80 बिलियन डॉलर का राजस्व पार कर जाएगी : रिपोर्ट



**मुंबई, 20 नवंबर।** भारत की ऑटोमोटिव कंपोनेंट इंडस्ट्री का राजस्व वित्त वर्ष 2025 में 80.1 बिलियन डॉलर को पार करने की उम्मीद है। जबकि, इंडस्ट्री का निर्यात पहले ही 21.2 बिलियन डॉलर को छू चुका है।

बी2बी जोखिम प्रबंधन कंसल्टेंसी रूबिक्स डेटा साइंसेज की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2020 से देश के ऑटोमोटिव कंपोनेंट का उत्पादन 8 प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ रहा है, जबकि इसी अवधि के दौरान निर्यात में 10 प्रतिशत सीएजीआर दर्ज किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024 में कुल उत्पादन में ईवी कंपोनेंट इंडस्ट्री का योगदान दोगुना होकर 6 प्रतिशत हो गया।

बैटरी तकनीक और पावरट्रेन सिस्टम महत्वपूर्ण सेक्टर बनकर उभर रहे हैं, जिसमें ईवी निर्माण लागत का 45 प्रतिशत हिस्सा शामिल है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ईवी 30@30 पहल द्वारा समर्थित भारत के ईवी बाजार में वित्त वर्ष 2020 से वित्त वर्ष 2024 तक बिक्री में 76 प्रतिशत से अधिक सीएजीआर की वृद्धि देखी गई और इस गति को बनाए रखने का अनुमान है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि स्थानीयकरण और आत्मनिर्भरता पर भारत सरकार के फोकस ने घरेलू विनिर्माण क्षमताओं में महत्वपूर्ण निवेश को बढ़ावा दिया है। वित्त वर्ष 2020 और वित्त वर्ष 2024 के बीच निर्यात में 10 प्रतिशत सीएजीआर देखा गया, जो 21.3 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें अमेरिका सबसे बड़ा बाजार रहा। साथ ही वित्त वर्ष 2024 में 300 मिलियन डॉलर ट्रेड सरप्लस दर्ज हुआ, जो भारत के ग्लोबल ऑटोमेटिव सप्लाई चेन में स्ट्रैजिक शिफ्ट को दशार्ता है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव,
विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# नोएडा प्राधिकरण के आश्वासन पर धरना नहीं होगा समाप्त

## 41वें दिन भी धरना, किसान बोले - कागज नहीं धरातल पर दिखना चाहिए काम

**नोएडा करंट क्राइम।** भारतीय किसान यूनियन मंच के नेतृत्व में 81 गांव के किसान अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। धरना प्रदर्शन 41 वें दिन भी जारी है। नोएडा प्राधिकरण से मीटिंग करने के लिए किसानों को बुलाया गया। किसानों ने नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में पहुंचकर नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री, सतीश पाल ओएसडी महेंद्र प्रसाद, क्रांति शेखर, अरविंद कुमार, तहसीलदार शशि सीमा चौहान से मीटिंग की।

किसानों ने अधिकारियों से पूछा कि मीटिंग मुख्य कार्यपालक अधिकारी से क्यों नहीं हो रही है जिस पर अधिकारियों ने कहा कि किसी अत्यंत आवश्यक कार्य के लिए मुख्य कार्यपालक अधिकारी को बाहर जाना पड़ा है। मीटिंग में किसानों को अवगत कराया गया है कि गांव गेझा तिलपताबाद व याकूबपुर का खसरे वार सर्वे 15 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। जिन किसानों का न्यायालय से आदेश आ चुका है अतिरिक्त 10% भूखंड के स्थान पर धनराशि देने का उन्हें इस सप्ताह में धनराशि के चेक वितरित कर दिए जाएंगे।



### जब तक समाधान नहीं धरना रहेगा जारी

भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान ने कहा कि अब किसान नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के झूठे वादे और बहकावे में आने वाले नहीं है नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 81 गांव के समस्त किसानों की समस्याओं का समाधान होने के बाद ही घर वापस लौटेंगे।

साल 1976 से 1997 तक के जिन किसानों को कोटा स्कीम के तहत प्लॉट आवंटित किए जाने हैं उनके लिए अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी सतीश पाल एवं ओएसडी क्रांति शेखर से मिलकर अपनी समस्या का समाधान कर सकते हैं। जिन किसानों के प्लॉटो की रजिस्ट्री होने के बाद भी मौके पर कब्जा नहीं मिला है उन सभी किसानों को 40 से 45 दिनों में सेक्टर 146 में प्लॉट दिए जाएंगे। जिन किसानों को मूल 5 प्रतिशत के भूखंड नहीं मिले हैं उन्हें अति शीघ्र सेक्टर 146 में भूखंड दिए जाएंगे।

# नोएडा में सोसाइटी के लोग खुद कर रहे बारिश

## पेड़, कॉमन एरिया और सड़क पर हॉज पाइप से पानी का छिड़काव, मिल रही राहत

**नोएडा, करंट क्राइम।** नोएडा में बढ़ते वायु प्रदूषण को कम करने के लिए अब सोसाइटी के लोग सामने आने लगे है। नोएडा की एक आरडब्ल्यूए और तीन सोसाइटी जिसमें सेक्टर-100 की लोटस बुलेवर्ड सोसाइटी, सेक्टर-34 की आरडब्लूए और सेक्टर-74 की कैपटाउन सोसाइटी और सेक्टर-168 गोल्डन पाम सोसाइटी के लोगों ने बड़े बडे हॉज पाइप से पानी का छिड़काव किया गया। इन हॉज पाइप से सोसाइटी की छत और ग्राउंड से लगातार पानी का छिड़काव किया गया। जिससे वहां धूल के कण जमीन पर दब गए। जिससे लोगों को राहत मिली।

### हॉज पाइप से किया गया छिड़काव

नोएडा के अलग-अलग इलाकों के लोगों ने भी प्रदूषण कम करने के लिए अपने स्तर पर प्रयास तेज कर दिए और पानी का छिड़काव किया। शहर के गोल्डन पाम सोसाइटी में हॉज पाइप की मदद से सड़क , कॉमन एरिया , पेड़ों पर जमा धूल को हटाया गया। यहां काफी देर तक पानी का छिड़काव किया गया। जिससे लोगों को राहत मिली। लोटस बुलेवर्ड सोसाइटी की अपार्टमैंट ओनर्स एसोसिएशन (एओए) के निर्देश पर फैसिलिटी मैनेजमेंट (एफएम) की टीम ने मंगलवार की देर रात 11.45 बजे से बुधवार तड़के चार बजे तक



कृत्रिम बारिश कराने का मैसेज सोसाइटी के लोगों को भेजा। नोएडा में 5 स्प्रिंकल टैंकर से रोजाना करीब 125 किमी लंबाई में पानी का छिड़काव किया जा रहा है। सीईओ ने इसे बढ़ाने के लिए कहा है। इसके अलावा 104 एंटी स्मॉग गन, रोजाना 12 मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन से सड़कों की साफ-सफाई, 70 डिफाल्टरों पर 27 लाख का जुमार्ना तक लगाया जा चुका है। जिला अस्पताल में रोजाना सांस लेने में दिक्कत होने पर आठ से दस मरीजों को आपातकालीन विभाग में लाया जा रहा है । यहां 250 से ज्यादा मरीज सांस लेने में दिक्कत के कारण ओपीडी में इलाज के लिए आए। वहीं, भंगेल सीएचसी में 1051 मरीजों में से 155 मरीजों को सांस से संबंधित परेशानी थी। उन्हें दवा देकर दो दिन बाद बुलाया गया है। चाइल्ड पीजीआई में 616 मरीज ओपीडी में आए, 37 का इलाज आपातकालीन विभाग में किया गया। इनमें वायु प्रदूषण से प्रभावित मरीज कम थे।




# व्यवस्था रही टाइट, नहीं हुई फाइट

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बुधवार को उपचुनाव शहर की सदर सीट पर मतदान हुआ। मतदान के लिए सुबह 7 बजे का समय था लेकिन पुलिस की टीम और अधिकारी सुबह छह बजे से ही अलर्ट मोड पर आ गए थे । सुनने में आया है कि कईयों की सात से आठ के बीच में लोकेशन भी ली गई थी। 7 :00 बजे जैसे ही मतदान शुरू हुआ अलग-अलग थानाक्षेत्रों में पुलिस के शीर्ष अधिकारियों से लेकर एडीसीपी, एसीपी, थ्री- स्टार और टू- स्टार अपने-अपने क्षेत्र में एक्टिव मोड पर आ गए। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के एडीसीपी स्तर के अधिकारी भी बुधवार को अलग-अलग पोलिंग बूथ पर नजर आए। तो सिटी वाले साहब से लेकर कमिश्नरेट में दूसरे नंबर की पोजीशन वाले साहब भी कई स्थानों पर पहुंचे। हालांकि उनका काफिला अधिक देर कोतवाली क्षेत्र में मौजूद रहा था।



सुबह 7 बजे से 12 तक पुलिस का जो जोर और शोर दिखाई दिया वह शाम को फिर तीन बजे के बाद ही देखा गया। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में लाइन पार इलाके में दोपहर में एक झगड़े की सूचना पर पीएसी की डिमांड आई थी। इसको छोड़ कहीं पर भी कोई ऐसा बड़ा मामला नहीं सुनने को मिला जहां हंगामे वाली स्थिति बनी हो। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि देहात वालों ने भी अपने इलाके के पोलिंग बूथ पर नजरें रखी हैं। तो महिला आईपीएस अधिकारी भी एक्टिव मोड पर रहीं। इसके साथ ही थाने की प्रभारी और उनकी टीम भी कई जगह पुलिस बल के साथ नजर आई। वहीं सिटी वाले एक एसीपी साहब फुल फॉर्म में देखे गए। वह कभी मुस्लिम मोहल्लों वाले इलाके में, तो कभी लाइन पार में मौजूद रहे। वहीं सिटी वाले दूसरे एसीपी मंडी वाली कमान पर शाम से ही मुस्तैद हो गए थे। इसके साथ ही उनके क्षेत्र के दोनों बूथ शांति पूर्वक मतदान के साथ रहे। वहीं ट्रैफिक वाले साहब व चुनावी नोडल भी कई जगह देखे गए हैं। कमिश्नरेट वाले सूत्र कह रहे हैं की व्यवस्था चुनाव को लेकर बेहद टाइट रही, इसी का परिणाम है कि कहीं बेवजह की फाइट की सूचना कंट्रोल रूम और पुलिस के अधिकारियों को नहीं मिल पाई। सुबह एक दो जगह ईवीएम मशीन खराब होने की सूचना के बाद सुरक्षा बलों को भी भेजा गया था ताकि किसी प्रकार की कोई गड़बड़ ना हो। कुल मिलाकर कहा जाए तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में हुआ विधानसभा का पहला उपचुनाव शांति व्यवस्था के बीच संपन्न हुआ है।

## पति की हत्या की दोषी पत्नी-प्रेमी को आजीवन कारावास

# हापुड़ कोर्ट ने 32-32 हजार जुमार्ना लगाया, 5 साल पहले चाकू गोदकर मारा था

**हापुड़, करंट क्राइम।** हापुड़ में एडीजे फास्ट ट्रैक कोर्ट ने पति की हत्या की दोषी पत्नी और उसके प्रेमी को सजा सुनाई। अवैध संबंधों के चलते पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर पति की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। अदालत ने महिला व उसके प्रेमी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोनों दोषियों को 32-32 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मुकेश कुमार त्यागी व आशीष कश्यप ने बताया- दिल्ली के द्वारका क्षेत्र के सेक्टर 8 शाहबाद मोहम्मदपुर के कपिल कुमार ने 6 अक्टूबर 2019 को थाना पिलखुवा में तहरीर दी थी। जिसमें उसने बताया था कि करीब 7 साल पहले उसके भाई अशोक कुमार की शादी शाहबाद मोहम्मदपुर की सोनिया के साथ हुई थी। शादी के बाद सोनिया ने एक पुत्री को जन्म दिया। एक वर्ष पहले सोनिया की जान-पहचान थाना पिलखुवा क्षेत्र के गांव सिखैड़ा के गगन उर्फ गोलू से हुई थी।

जिसके बाद दोनों के बीच अवैध संबंध बन गए। तीन माह पहले गगन उर्फ गोलू घर से सोनिया को भगा लाया था। इसके बाद से पीड़ित उसका भाई अशोक, भाई का साला गौरव दोनों की तलाश कर रहे थे। छह अक्टूबर 2019 को तीनों गगन उर्फ गोलू के घर पहुंचे। छानबीन करने पर पता चला कि गगन उर्फ गोलू अपने खेत पर सोनिया के साथ मौजूद है। तलाश करते हुए तीनों गांव स्थित पानी की टंकी के पास पहुंचे।




जहां उन्हें गगन उर्फ गोलू व सोनिया मिल गए। अशोक को देखते ही सोनिया ने गगन उर्फ गोलू से उसकी हत्या करने के लिए कहा। इसी बीच गगन उर्फ गोलू ने जेब से चाकू निकालकर अशोक के पेट में घोंप दिया। गगन उर्फ गोलू चाकू से तक तक अशोक को गोदता रहा जब तक उसकी मौत नहीं हो गई। मामले में पुलिस ने सोनिया व गगन उर्फ गोलू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। इसके बाद चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की गई।

तभी से मुकदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश(त्वरित न्यायालय प्रथम) में चल रही थी। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद न्यायाधीश मिताली गोविंद राय ने सोनिया और गगन उर्फ गोलू को दोषी करार दिया। अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 32-32 हजार का जुमार्ना लगाया।

# हापुड़ में एनआरएमयू ने किया प्रचार : रेलवे कर्मचारियों की समस्या सुनी, वोट करने की अपील

**हापुड़, करंट क्राइम।** नॉर्दर्न रेलवे मैंस यूनियन की मान्यता के लिए 4,5, 6 दिसंबर को होने वाले चुनाव के लिए नॉर्दर्न रेलवे मैंस यूनियन के पदाधिकारी और सदस्यों ने मेहरौली से लेकर हापुड़ तक चुनाव प्रचार किया है। दरअसल, मुरादाबाद मंडल से आए मंडल मंत्री राजेश चौबे, मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष एके. सिंहल ने महरौली से लेकर हापुड़ के बीच रेलवे कर्मचारीयों की समस्या सुनी और नॉर्दर्न रेलवे मैंस यूनियन को चुनाव चिन्ह पर मोहर लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नॉर्दर्न रेलवे मैंस यूनियन ही एक ऐसा संगठन है जो 100 साल से कर्मचारियों की लड़ाई लड़ता आ रहा है। कर्मचारी के बीच रहकर कर्मचारियों के हितों की रक्षा करता है।



पदाधिकारी और सदस्यों ने चुनाव प्रचार किया और इस दौरान नॉर्दर्न रेलवे मैंस यूनियन के चुनाव चिन्ह झंडे पर मोहर लगाने की अपील की।

इस दौरान शाखा अध्यक्ष इरशाद खान, सचिव ओमदत्त त्यागी, सहायक शाखा सचिव रविंद्र शर्मा, सहायक शाखा सचिन इंद्र मोहन सिंह, शाखा उपाध्यक्ष विकास शर्मा, शाखा उपाध्यक्ष संजय त्यागी, कोऑपरेटिव बैंक के डायरेक्टर हरपाल मीणा, मीडिया प्रभारी अमरीश पाल, शाखा उपाध्यक्ष नीरज चौधरी, अमित त्यागी आदि मौजूद रहे।

# मोदीनगर में बारात लाने पर जान से मारने की धमकी, घर में डाला पर्चा, लिखा- बिचौलिया तो मरेगा ही, तुम्हें भी साथ लेकर मरेगा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियबाद के मोदीनगर के मुरादनगर की ईदगाह कॉलोनी निवासी एक युवक को मेरठ में बारात लाने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। सिरफिरे ने युवक के घर पर्चा डालकर बारात लाने पर खून खराबा करने की चेतावनी दी है। इसके बाद से युवक व उनका पूरा परिवार सदमें में है। पर्चा डालने वाला युवक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। नगर की ईदगाह कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति परिवार सहित रहते हैं। उन्होंने अपने पुत्र की शादी मेरठ की एक कॉलोनी निवासी युवती से तय की है। 23 नवम्बर को मुरादनगर से मेरठ के लिसाड़ी गेट बारात जानी है। इन दिनों घर में शादी की तैयारी चल रही है। सुबह के समय जब युवक व उनके परिजन उठे तो घर के आंगन में उन्हें एक पर्चा मिला।



### पर्चे पर लिखा, मैं युवती से बेहद प्यार करता हूं

पर्चे में लिखा था.' मैं युवती से बेहद प्यार करता हूं। यदि तुम मेरठ युवती की चौखट पर बारात लेकर आए तो खून खराबा हो जाएगा।' इतना ही नहीं पर्चे में युवती का रिश्ता करवाने वाले बिचौलियों को भी जान से मारने की धमकी दी गई है। पर्चा मिलने के बाद से युवक व उनका परिवार डरा हुआ है। इतना ही नहीं पर्चा डालने वाला युवक कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है।

पर्चा डालने की बात पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। पर्चा किसने डाला है, इसका भी अभी तक पता नहीं चला है। युवक के परिजनों ने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पर्चा डालने वाले युवक की शिनाख्त की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# गुरु पर्व के अवसर पर गुरुद्वारे में हुआ लंगर का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहीद नगर वॉर्ड 34 में बुधवार को गुरुनानक गुरु पर्व के अवसर पर सी ब्लॉक गुरुद्वारे में लंगर का आयोजन किया गया। गुरुद्वारा अध्यक्ष सरदार भूपेन्द्र सिंह ने पार्षद हाजी मो. कल्लन को माला और शाऊज पहनाकर सम्मानित किया। मो. अजीम मंसूरी, प्रदीप सिंह, तलविंदर सिंह, समीर मंसूरी, वीरेंद्रपाल सिंह, सुखदेव सिंह, शिवम, मोहन, हरपाल सिंह आदि लोग इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# विश्व हिंदू संगठन एवं सनातन हिंदू समिति ने कराया हनुमान चालीसा का पाठ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कविनगर एच ब्लॉक के नीलकंठ महादेव मंदिर में मंगलवार को विश्व हिंदू संगठन एवं सनातन हिंदू समिति द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ करवाया गया जिसमें सभी ब्लॉक निवासी ने भरपूर सहयोग दिया। हनुमान चालीसा का पाठ कवि नगर एच ब्लॉक मंदिर समिति के द्वारा आयोजित किया गया । पाठ होने के बाद प्रसाद वितरण एवं भंडारा का भी आयोजन करवाया गया जिसमें कम से कम 200 लोगों ने भाग लिया। यह कार्य एच ब्लॉक मंदिर समिति के द्वारा पहली बार आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ब्लॉक की महिला शक्ति ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम में भाग लेने वालों में प्रमुख विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन मंत्री साहिल वालिया,विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष आलोक गर्ग एवं ब्लॉक निवासी अशोक मित्तल, सतीश मित्तल,राजेंद्र शर्मा,सुनील त्यागी,सुनील शर्मा,आदित्य शर्मा,पंडित विष्णु मिश्रा, अंकित अरोड़ा, परमजीत पम्मी,पंकज बत्रा, कृष्ण कुमार शुक्ला,सचिन बंसल,सचिन भाटिया,संदीप गोयल एवं सभी ब्लॉकवासियों ने हिस्सा लिया।



# गुवाहाटी असम में संपन्न हुई नेशनल योगासन प्रतियोगिता





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत की पांचवीं नेशनल योगासन प्रतियोगिता गुवाहाटी असम में संपन्न हुई । इसमें 28 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 800 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया । इसमें प्रत्यूष भारद्वाज एवं आयुष तोमर ने आर्टिस्टिक पेयर कैटेगरी में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता।

प्रत्यूष भारद्वाज के पिता मनीष शर्मा ने बताया कि अब यह दोनों खिलाड़ी भारत सरकार के खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में प्रतिभाग करेंगे। प्रत्यूष भारद्वाज एवं आयुष तोमर का अगला लक्ष्य खेलो इंडिया में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पदक प्राप्त करना होगा। इस मौके पर राष्ट्रीय लोक दल के क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।



# लोकतंत्र के पर्व में भागीदारी निभाकर बने मतदाता नंबर वन



आस मोहम्मद सैफी
नौशाद अलि सैफी
तुषार मित्तल व रुमा मित्तल
योगी और प्रवीण आर्या
विधु गर्ग



डा. आर. के पोद्दार व डा. मधु पोद्दार, बूथ न. 375
नमीता भल्ला, राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रखर फाउंडेशन
गगन सिंह अरोरा व नवनीत अरोरा




आल्का लांबा








अमित मोहन रस्तोगी



अतुल गर्ग
डा. प्रवीण शर्मा व ममता शर्मा




हाजी आसिफ अलि चौधरी अपने दोस्तो के साथ
इमरान रिजवान


# लोकतंत्र के पर्व में भागीदारी निभाकर बने मतदाता नंबर वन


भाजपा कार्यालय


भाजपा कार्यालय


सपा नेता अभिषेक गर्ग के साथ दीपक भाटी, संपादक करंट क्राइम


पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी


पूर्व पार्षद हिमांशु लव


आशु पंडित


रियाज


स्पर्श अग्रवाल


सांसद अतुल गर्ग, शशि इण्टर कॉलेज के बूथ पर


राजू छाबड़ा अपने साथियों के साथ


शशि इण्टर कॉलेज बूथ


बूथ संख्या 116 से 126 तक प्रताप विहार दीपक भाटी से साथ सचिन डागर राजकुमार भाटी पार्षद


बूथ 386 से 390 तक दयावती स्कूल प्रताप विहार भाजपा


बूथ संख्या 222,223,234, 225, 226, विजय नगर सेक्टर 9 बीएसपी


बूथ संख्या 222,223,234, 225, 226, विजय नगर सेक्टर 9 एचआरडी


बूथ संख्या 116 से 126 तक प्रताप विहार सेक्टर 12 भाजपा


बूथ संख्या 116 से 126 तक प्रताप विहार सेक्टर 12 एसपी


बूथ संख्या 222,223,234, 225, 226, विजय नगर सेक्टर 9 भाजपा


बूथ संख्या 235,227, 231,230, 22, 233. 234 विजय नगर वार्ड 14 वी 25 राजकीय कन्या विद्यालय में लोगों ने वोट किया


बूथ संख्या 138 से 139 तक सिद्धार्थ विहार भाजपा


बूथ संख्या 386 से 390 तह दयावती स्कूल प्रताप विहार भाजपा


बूथ संख्या 116 से 126 तक प्रताप विहार सेक्टर 12 बीएसपी


बूथ संख्या 222,223,234, 225, 226, विजय नगर सेक्टर 9 केतली


बूथ संख्या 235,227, 231,230, 22, 233. 234 विजय नगर वार्ड 14 वी 25 राजकीय कन्या स्कूल एसपी


बूथ संख्या 386 से 390 तक दयावती स्कूल प्रताप सपा


बूथ संख्या 386 से 390 तक दयावती स्कूल प्रताप बीएसपी


बूथ संख्या 116 से 126 तक प्रताप विहार सेक्टर 12 केतली


राजेन्द्र मित्तल






ललित कश्यप


सुकेश भल्ला






बीजेपी कार्यालय


पार्षद भूपेन्द्र उपाध्याय, लीलावती स्कूल पर


प्रताप विहार बूथ


जीके वर्मा, (90 वर्ष) ने किया मतदान



## दैनिक करंट क्राइम उठते सवालों का करंट

**दीपक भाटी**
समाचार सम्पादक

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा मैडम भंडारी का वैसे तो साहिबाबाद में दिखाई देता है फेस? अपनी सक्रिय राजनीति को वो देती हैं वहीं से संदेश? मगर शहर सीट के चुनाव में उनके वोटिंग वाले फोटो ने कर दिया हमको हैरान? चर्चा इस बात की थी कि ये चमत्कार कैसे हुआ श्रीमान? फिर हमें पता चला कि कैंडीडेट को करने के लिए सपोर्ट? मैडम भंडारी ने नदिया पार से क्रासिंग में शिफ्ट कर लिया अपना वोट? कराया सभी को यह एहसास? कमल जहां पर होगा, वहां हम दिखाई देंगे साहब?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** राजनीति में क्रान्तिकारी भूमिका निभाते हैं हमारे सैफी जी? कुछ ऐसा है उनका अंदाज? मगर इस बार उन्होंने कुछ ऐसा किया? जैसे सावन में लगा दी हो आग? हमें गहराई से पता चली है जानकारी? उन्होंने भगवा कमांडर को वोट देकर इस बार बदली है अपनी अदाकारी? उन्होंने इस बात को किया है अपने साथ वालों से भी शेयर? कहा है कमांडर ने उस वक्त मेरी मदद की थी? जब कोई नहीं कर रहा था मेरी केयर?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मौका कोई भी हो, सांसद अतुल गर्ग का अंदाज रहता है ताजा-ताजा? हमने देखा वो बैठे थे चुनाव कार्यालय पर और उन्होंने मंत्री नरेन्द्र कश्यप और पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल को बता दिया राजा? कराया दोनों को उनके राज योग वाला एहसास? कहा हमें तो जनता के बीच जाना पड़ा? मगर जनता के बीच जाये बगैर आप बने हो राजनीति के सरताज? जब बोल रहे थे मिस्टर गर्ग ये शब्द? तब बिखर रही थी दोनों के चेहरों पर मुस्कुराहट?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** चुनाव कार्यालय पर बैठे थे भगवागढ़ की राजनीति के बड़े-बड़े सरताज? तभी अचानक चली वहां पर जनरली तमाम होर्डिंग पर किन्हीं नेता के फोटो की अनदेखी की बात? ये बात सुनकर पूर्व वाले अग्रवाल जी ने दिया तपाक से जवाब? कहा देख रहे हो आप चुनाव कार्यालय के अंदर लगा हुआ होर्डिंग? इसमें मेरा फोटो भी नहीं किया गया है फिक्स? फिर आप उनका नाम लेकर बार-बार क्यों कर रहे हो स्टोरी को रिमिक्स? समझने वाले समझ रहे थे अग्रवाल जी ने मार दिया है सवाल पर सिक्स? चेहरे पर उनके स्माईल काफी देर तक हो गई थी फिक्स?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** साईकिल वाले रिजवान भैया जब से बने हैं भगवा पहलवान? तब से उनके कभी दीदार पूर्व राज्यसभा वालों के साथ होते हैं? तो कभी वो मौजूदा वाले सांसद के आस-पास नजर आते हैं श्रीमान? उनकी अदाओं में रहती है काफी ज्यादा चंचलता? कहने वाले ने कहा इतना चंचलता का मामला भाजपा में नहीं चलता? जब वो फोटो खींचने के लिए हो रहे थे कुछ ज्यादा ही चंचल? तब हमने देखा उन्हें लगातार टोक रहे थे मित्तल अंकल? कह रहे थे बार-बार मत किया करो तुम ऐसा यार? गंभीर रहने का भी निभाया करो किरदार?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा संगठन में कमांडर के सेम नाम वाले एक पदाधिकारी देख रहे हैं खुद के विधायक बनने का ख्वाब? हमने देखा वो चुनाव कार्यालय पर कर रहे थे कुछ इसी तरह की बात? कह रहे थे उनकी तरह मेरी भी है कुंभ राशि? मेरा भी पूरा होना है एक दिन विधायक बनने का ख्वाब? ये राशि राज योग लेकर आती है? आज नहीं तो कल होगा हमारा भी राज?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पूर्व ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि जो भी बात कहनी होती है, कह देतीं हैं स्पष्ट? अब उस बात से भले ही कोई खुश हो या फिर हो जाये किसी को कष्ट? हमने देखा जैसे ही भगवा पहलवान पर पड़ी उनकी नजर? उन्होंने उनको भावी अध्यक्ष कह कर छेड़ दिया मौके पर जिक्र? भगवा पहलवान के ये शब्द सुनकर बदल गये चेहरे के भाव? क्योंकि वो जानते हैं कि दोनों दोस्तों से ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि 1.0 रखती हैं हद से ज्यादा लगाव?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** लाईन पार में दिख रहा था भगवा झा का पूरा प्रताप? सुना है वो सुधीर त्यागी और भूपेन्द्र उपाध्याय के सामने कह रहे थे बड़ी बात? सबको पता है वो लेकर चलते हैं अपने साथ जनरली आशीर्वाद? शायद इसी आशीर्वाद का दिख रहा था उनके शब्दों में प्रताप? वो इस मौके पर बातें खुल कर कह रहे थे बहुत सारी? मगर जो हमने जो बात सुनी, उसमें सुनाई दी उनकी महानगर अध्यक्ष वाली दावेदारी? हम भी अर्जुन की मछली की आंख पर रखते हैं नजर? अब जिधर-जिधर भगवा झा, हम भी अब उधर-उधर?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम थे लाइन पार क्षेत्र में पूरी वोटिंग के दौरान मौजूद? हमें अधिकतर बस्तों पर नजर आ रहा था साहिबाबाद के चेहरों का वजूद? पूरी शिद्दत से संभाल रहे थे सभी जिम्मेदारी? फिर पेश कर रहे थे अपनी रायशुमारी? कह रहे थे चुनाव जीतने के बाद शहर से ज्यादा भव्य करेंगे हम भगवा कमांडर का साहिबाबाद में स्वागत? भले ही इस स्वागत में लग जाए अब हमारी जेब से कितनी ही लागत?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के वैश्य मैम्बर इस बार नहीं रख रहे हैं कोई धीरज? सुना है आज कल उन्होंने लखनऊ डाला हुआ है अपना डेरा? वोटिंग से एक दिन पहले हुआ था वहीं के गलियारों में उनका सवेरा? सुना है उनके दिल में लगातार फूट रहे हैं महानगर अध्यक्ष बनने के अरमान? इसलिए उन्होंने फिलहाल सबकुछ छोड़कर लखनऊ में लगाया हुआ है अपना ध्यान?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Rohit Chauhan is with Upendra Pratap Singh Shishodia and 99 others.
3h ·

आज हमारी शादी की पांचवीं सालगिरह है, मैं तुम्हें मेरी लाइफ में आने के लिए बहुत-बहुत शुक्रिया करता हूं श्री बालाजी महाराज राधा रानी से दुआ करता हूं कि हमारी जोड़ी सात जन्मों से भी लंबी बनी रहे।
आप सब का आशीर्वाद हमेशा बना रहे। Happy anniversary 🌹 ❤️
Rohit Chauhan...



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। रोहित चौहान ने अपनी शादी की पांचवीं वर्षगांठ की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। सभी के आशीर्वाद की कामना की। रोहित चौहान की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# कांगो में तेजी से बढ़ रहा संक्रमण

## विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एमपॉक्स की दूसरी वैक्सीन को दी मंजूरी

**जिनेवा ।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) ने मंगलवार को जापानी फार्मा कंपनी केएम बायोलॉजिक्स की एमपॉक्स वैक्सीन के आपात इस्तेमाल की मंजूरी दे दी है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन से मंजूरी पाने वाली यह दूसरी वैक्सीन है। डब्लूएचओ ने कहा कि उन्होंने इमरजेंसी यूज लिस्टिंग (एवछ) के तहत एमपॉक्स की वैक्सीन छउ168 को मंजूरी दी है। अब इस वैक्सीन को उन जगहों पर इस्तेमाल किया जा सकेगा, जहां एमपॉक्स का प्रकोप बढ़ेगा।




### सितंबर में भी एक वैक्सीन को दी थी मंजूरी

डब्ल्यूएचओ की ईयूएल एजेंसी ही दुनिया भर के देशों के में वितरण के लिए वैक्सीन को जल्दी से मंजूरी देने और आयात करने का काम करती है। डब्ल्यूएचओ ने सितंबर में भी एमपॉक्स के खिलाफ एक और वैक्सीन को इस्तेमाल की मंजूरी दी थी। यह वैक्सीन बवेरियन-नॉर्डिक कंपनी की एमवीए-बीएन थी। संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी ने 14 अगस्त को ही डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में एमपॉक्स के नए क्लेड 1बी स्ट्रेन के मामलों में वृद्धि पर चिंता जाहिर की थी और एमपॉक्स पर नया अंतरराष्ट्रीय आपातकाल घोषित किया था।

### अफ्रीकी देश कांगो में सबसे ज्यादा एमपॉक्स के मामले मिले

एमपॉक्स वायरस का संक्रमण इस साल दुनिया के 80 देशों में रिपोर्ट किया गया है, इनमें से 19 देश अफ्रीका के हैं। हालांकि डीआर कांगो सबसे ज्यादा प्रभावित देश है, जहां इस साल अब तक एमपॉक्स संक्रमण के 39 हजार से ज्यादा संदिग्ध मामले दर्ज किए गए हैं और 1000 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है।

एमपॉक्स वायरस का संक्रमण इस साल दुनिया के 80 देशों में रिपोर्ट किया गया है, इनमें से 19 देश अफ्रीका के हैं। हालांकि डीआर कांगो सबसे ज्यादा प्रभावित देश है, जहां इस साल अब तक एमपॉक्स संक्रमण के 39 हजार से ज्यादा संदिग्ध मामले दर्ज किए गए हैं और 1000 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। जापान की सरकार ने कांगो को नई स्वीकृत वैक्सीन की 30 लाख डोज दान देने का एलान किया है। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेतावनी दी है कि गर्भवती महिलाओं और ज्यादा कमजोर इम्युनिटी वाले मरीजों को नई वैक्सीन नहीं लगाई जानी चाहिए। वैक्सीन से लोगों को बुखार, मांसपेशियों में दर्द और त्वचा में संक्रमण जैसी परेशानी हो सकती है।

# यूएन में भारत के स्थायी प्रतिनिधि बोले- ट्रंप उनके प्रशासन के साथ करीब से काम करने के लिए तैयार हैं

**वॉशिगटन ।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर पूरी दुनिया में चचाएं तेज हैं। खासकर ट्रंप प्रशासन की विदेश नीतियों को लेकर अधिकतर देशों में संशय की स्थिति है। इस बीच यूएन में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतानेनी हरीश ने कहा कि भारत अगले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके प्रशासन के साथ करीबी से जुड़ने को तैयार है।





कोलंबिया यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा, ॰हम अमेरिकी नागरिकों के चुनाव का सम्मान करते हैं। हम हर तरह की सरकार से बात करते हैं। मुझे लगता है कि भारत के साथ रिश्तों को अमेरिका में दोनों राजनीतिक दलों का समर्थन हासिल है।

हरीश ने यह बातें अमेरिकी चुनाव में ट्रंप की जीत और कमला हैरिस की हार को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहीं। उन्होंने कहा कि जब डोनाल्ड ट्रंप पहले कार्यकाल में थे, तब भारत और अमेरिका के रिश्ते और सहयोग काफी करीबी थे। ट्रंप के पद संभालने के बाद हम उनके साथ करीबी से काम करने के लिए तैयार हैं।

हरीश ने कोलंबिया विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स (एसआईपीए) में आयोजित एक कार्यक्रम में ह्यप्रमुख वैश्विक चुनौतियों का जवाब: भारत का तरीकाह्न विषय पर मुख्य भाषण दिया। यह कार्यक्रम वैश्विक नेतृत्व में एमपीए कार्यक्रम और अंतरराष्ट्रीय संगठन और संयुक्त राष्ट्र अध्ययन कार्यक्रम (आईओ/यूएनएस) की तरफ से सह-प्रायोजित था। इसमें छात्रों, शिक्षकों और नीति विशेषज्ञों ने भाग लिया।

### पीएम मोदी ने ट्रंप को दी थी बधाई

इससे पहले पीएम मोदी ने ट्रंप को जीत पर बधाई दी थी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा था, ॰मेरे मित्र ट्रंप को ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई। जैसा कि आप अपने पिछले कार्यकाल की सफलताओं को आगे बढ़ा रहे हैं, मैं भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए हमारे सहयोग को नवीनीकृत करने की आशा करता हूं।

# रूस-यूक्रेन युद्ध बढ़ने का खतरा, अमेरिका ने कीव में अपना दूतावास किया बंद, हवाई हमले का डर

**कीव ।** रूस यूक्रेन युद्ध के बीच तनाव बढ़ने के बीच अमेरिका ने कीव स्थित अपने दूतावास को बंद करने का आदेश दिया है। साथ ही दूतावास के अधिकारियों को सुरक्षित जगहों पर पनाह लेने की सलाह दी है।

दरअसल अमेरिका को डर है कि उनके कीव स्थित दूतावास पर हवाई हमला हो सकता है। अमेरिका के विदेश विभाग ने बयान जारी कर यह जानकारी दी है।





अमेरिका की यूक्रेन को लंबी दूरी की मिसाइलों के इस्तेमाल की मंजूरी देने के बाद हालात हुए तनावपूर्ण गौरतलब है कि अमेरिका का यह कदम ऐसे वक्त सामने आया है, जब रूस और यूक्रेन के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। खासकर अमेरिका द्वारा यूक्रेन को रूस के भीतर लंबी दूरी की मिसाइलों से हमले की मंजूरी देने के बाद हालात काफी तनावपूर्ण हो गए हैं।

रूस ने भी इसे लेकर धमकी दी है। दरअसल अमेरिका की मंजूरी के बाद रूस के अहम सैन्य और राजनीतिक प्रतिष्ठान यूक्रेन के निशाने पर आ गए हैं। इसके बाद रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भी संशोधित परमाणु नीति पर हस्ताक्षर कर दिए, जिसके तहत रूस यूक्रेन युद्ध में लंबी दूरी की मिसाइलों से हमले को तीसरे देश की संलिप्तता मानी जाएगी और इसके जवाब में रूस परमाणु हमला भी कर सकता है।

### यूरोपीय देश युद्ध की दहशत में

ताजा घटनाक्रम के बाद हालात इतने तनावपूर्ण हो गए हैं कि यूरोप के तीन देशों नॉर्वे, स्वीडन और फिनलैंड में दहशत फैल गई है और इन तीनों देशों की सरकारों ने अपने नागरिकों को सभी जरूरी चीजों का स्टॉक रखने की सलाह दी है और साथ ही अपने सैनिकों को युद्ध के लिए तैयार रहने को कहा है। स्वीडन ने तो परमाणु युद्ध की स्थिति में लोगों को विकिरण से बचने के लिए इस्तेमाल होने वाली आयोडीन की गोली खरीदकर रखने के निर्देश दिए हैं। नाटो और यूरोपीय संघ के देश हंगरी और स्लोवाकिया ने जो बाइडन के फैसले से नाराजगी जताई है ।

# कनाडा से भारत आने वाले यात्रियों की बढ़ेगी परेशानी, दोनों देशों के रिश्तों में तनातनी

**ओटावा ।** भारत और कनाडा के बीच रिश्तों में जारी खटास के बीच कनाडा सरकार ने एक और नया आदेश जारी किया है, जिससे कनाडा से भारत आने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। दरअसल कनाडा की सरकार ने कनाडा से भारत आने वाले लोगों की अतिरिक्त सुरक्षा जांच करने का फैसला किया है। कनाडा की परिवहन मंत्री अनीता आनंद ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने लोगों से समय से पहले एयरपोर्ट पहुंचने की अपील की।



### यात्रियों की बढ़ेगी परेशानी

कनाडा की परिवहन मंत्री ने बताया कि कनाडा परिवहन ने कुछ अस्थायी सुरक्षा जांच नियम लागू किए हैं। इसके चलते यात्रियों को कुछ असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। ये नियम कनाडा एयर ट्रांसपोर्ट सिक्योरिटी अथॉरिटी द्वारा लागू किए गए हैं। यह एजेंसी हवाई यात्रा करने वाले लोगों की सुरक्षा जांच और उनके सामान की स्क्रीनिंग करने के लिए जिम्मेदार है। इस आदेश के तहत कनाडा से भारत जाने वाले यात्रियों को अतिरिक्त सुरक्षा जांच का सामना करना पड़ेगा।

कनाडा सरकार ने भारत जाने वाले यात्रियों को चार घंटे पहले एयरपोर्ट आने की सलाह दी है। दरअसल रॉयल कनैडियन पुलिस ने बीते दिनों आरोप लगाए थे ।

# पाकिस्तान में फिर आत्मघाती हमला 17 सैनिकों की मौत, एक दिन पहले इसी इलाके में मारे गए थे आठ सैनिक

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान में लगातार आतंकी घटनाएं जारी हैं। अब ताजा आत्मघाती हमले में पाकिस्तानी सेना के 17 सैनिकों की मौत हो गई है। यह आत्मघाती हमला उस वक्त हुआ, जब एक आतंकी ने अपने विस्फोटक लदे वाहन को सेना की चेकपोस्ट से टकरा दिया।

इससे हुए धमाके में 17 जवानों की मौत हो गई। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही इसी क्षेत्र में एक अन्य आतंकी हमले में पाकिस्तानी सेना के आठ सैनिक मारे गए थे।

सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में छह आतंकी भी मारे गए हैं। पुलिस के मुताबिक आत्मघाती विस्फोट के चलते माली खेल चौकी के साथ ही कई सैन्य वाहनों को भी भारी नुकसान हुआ है। हाफिज गुल बहादुर सशस्त्र समूह ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

थिंक टैंक सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज (उफ्रर) के अनुसार, चालू वर्ष की तीसरी तिमाही में पाकिस्तान में हिंसा में 90 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, स्थानीय मीडिया



ने पहले बताया था। यह हमला देश के पाकिस्तान सरकार और सैन्य नेतृत्व द्वारा मंगलवार को बलूचिस्तान में आतंकवादी संगठनों के खिलाफ एक 'व्यापक सैन्य अभियान' को मंजूरी देने के एक दिन बाद हुआ है, जिसका उद्देश्य प्रांत में उग्रवाद की लहर को रोकना है, जिसने हाल के महीनों में कई घातक हमले देखे हैं।

### पाकिस्तानी सेना की चेकपोस्ट के पास हुआ धमाका

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पाकिस्तान की उत्तर पश्चिम सीमा पर स्थित प्रांत खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू में एक आतंकी ने सेना की चेकपोस्ट के पास अपने विस्फोटक लदे वाहन में धमाका कर दिया, जिसकी चपेट में आकर पाकिस्तानी सेना के 17 सैनिकों और फ्रंटियर कांस्टेबुलरी के दो जवानों की मौत हो गई। आत्मघाती हमले के बाद अन्य आतंकियों ने पाकिस्तानी चेकपोस्ट पर गोलीबारी भी की। हमले में सात अन्य घायल भी हुए हैं।

### एक दिन पहले भी हुआ था हमला

गौरतलब है कि एक दिन पहले ही खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुए एक अन्य आतंकी हमले में पाकिस्तानी सेना के आठ सैनिकों की मौत हुई थी।

इस झड़प में आतंकियों और सैनिकों के बीच कई घंटों तक गोलीबारी हुई थी, जिसमें 9 आतंकी और सेना के आठ जवान मारे गए थे।

# पड़ोसी किसी भी कीमत पर हमें सुरक्षा परिषद का सदस्य नहीं बनने देना चाहते, भारतीय राजदूत ने साधा निशाना

**जिनेवा ।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में विस्तार करने की मांग दोहराई है। उन्होंने ये भी कहा कि सुरक्षा परिषद में बदलाव की रफ्तार बेहद धीमी है और भारत इससे बिल्कुल भी संतुष्ट नहीं है। भारतीय राजदूत ने कहा कि कई ऐसे देश हैं, जो चाहते हैं कि यथास्थिति बरकरार रहे और खासकर वे अपने पड़ोसी देश को सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने से रोकने के लिए कुछ भी कीमत चुकाने को तैयार हैं। भारतीय राजदूत का यह बयान पाकिस्तान और चीन पर निशाना माना जा रहा है।



### संयुक्त राष्ट्र ने मानवीय क्षेत्र में अच्छा काम किया

संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने कोलंबिया विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स के एक कार्यक्रम के दौरान ये बातें कही। उन्होंने कहा कि 'संयुक्त राष्ट्र अच्छा काम कर रहा है, खासकर मानवीय मदद के क्षेत्र में और संयुक्त राष्ट्र ने बच्चों के स्वास्थ्य, सार्वजनिक स्वास्थ्य और श्रम क्षेत्र में शानदार काम किया है, लेकिन एक आम आदमी ऐसा मानता है कि संयुक्त राष्ट्र का काम मानवीय मदद करने से ज्यादा वैश्विक संघर्षों को रोकना है। वह इसी पैमाने पर संयुक्त राष्ट्र के काम को तोलता है।' भारतीय राजदूत ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बदलाव होने चाहिए।

### पड़ोसी कर रहे विरोध

हरीश ने कहा कि 'सुरक्षा परिषद में बदलाव और इसमें विस्तार जरूरी है, लेकिन कई देश यथास्थिति बरकरार रखना चाहते हैं। जिनके पास पहले से स्थायी सदस्यता है, वो छोड़ने को तैयार नहीं हैं और न ही वीटो पावर छोड़ने के लिए राजी हैं। कुछ देशों को लगता है कि उनके पड़ोसी देश को सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट मिल सकती है तो वो किसी भी कीमत पर इसे रोकने की कोशिश करते हैं।' पाकिस्तान द्वारा भारत और जी4 देशों ब्राजील, जर्मनी और जापान की सदस्यता का विरोध किया जा रहा है।

**हरीश ने कहा कि 'सुरक्षा परिषद में बदलाव और इसमें विस्तार जरूरी है, लेकिन कई देश यथास्थिति बरकरार रखना चाहते हैं। जिनके पास पहले से स्थायी सदस्यता है, वो छोड़ने को तैयार नहीं हैं और न ही वीटो पावर छोड़ने के लिए राजी हैं। कुछ देशों को लगता है कि उनके पड़ोसी देश को सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट मिल सकती है**

हालांकि सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका भारत को परिषद में स्थायी सीट देने के लिए तैयार हैं। भारतीय राजदूत ने कहा कि सुरक्षा परिषद में बदलाव आसान नहीं है और इसमें काफी वक्त लग सकता है।

# पुतिन ने नई परमाणु नीति पर किए हस्ताक्षर

**मॉस्को ।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को एक अहम फैसले के तहत संशोधित परमाणु नीति पर हस्ताक्षर किए हैं। इस नई नीति के तहत अगर कोई देश किसी परमाणु युद्ध संपन्न देश की मदद से रूस पर हमला करता है तो इसे देश पर संयुक्त हमला माना जाएगा और उस स्थिति में रूस की सरकार परमाणु हथियार का इस्तेमाल कर सकेगी। हालांकि इस स्थिति में कुछ शर्तें भी जोड़ी गई हैं। पुतिन का यह फैसला रूस-यूक्रेन युद्ध के एक हजार दिन पूरे होने के अवसर पर सामने आया है। जो बाइडन के फैसले ने बढ़ाया परमाणु युद्ध का खतरा। अमेरिका में जो बाइडन की सरकार ने जाते जाते यूक्रेन को लंबी दूरी की मिसाइलों से रूस के भीतर हमले की मंजूरी दे दी है।



# गुयाना और बारबाडोस पीएम मोदी को देंगे सर्वोच्च सम्मान

## कुछ दिन पहले डोमिनिका ने भी किया था एलान

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गुयाना और बारबाडोस में सर्वोच्च सम्मान दिया जाएगा। जहां गुयाना में पीएम मोदी को सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान- द ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित किया जाएगा, वहीं बारबाडोस में पीएम मोदी को प्रतिष्ठित ऑनररी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस सम्मान दिया जाएगा।

इससे पहले डोमिनिका ने हाल ही में पीएम मोदी को सर्वोच्च सम्मान दिया था। अब तक प्रधानमंत्री को दुनियाभर में 19 देशों की तरफ से राष्ट्रीय सम्मान मिल चुके हैं।



### नाइजीरिया ने भी किया है सम्मानित

इससे पहले नाइजीरिया ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने दूसरे सबसे बड़े राष्ट्रीय सम्मान 'ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर नाइजर' से सम्मानित किया।

इस सम्मान के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी दूसरी ऐसे विदेशी नेता बन गए हैं, जिन्हें प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया है।

पुरस्कार प्राप्त करने के बाद पीएम मोदी ने कहा, 'नाइजीरिया के 'ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर' पुरस्कार से सम्मानित होने पर मैं बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

मैं इसे बड़ी विनम्रता के साथ स्वीकार करता हूं और इसे भारत के लोगों को समर्पित करता हूं।' मोदी को दिया गया यह 17वां अतरराष्ट्रीय पुरस्कार है। इससे पहले 1969 में ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

**पुरस्कार प्राप्त करने के बाद पीएम मोदी ने कहा, 'नाइजीरिया के 'ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर' पुरस्कार से सम्मानित होने पर मैं बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मैं इसे बड़ी विनम्रता के साथ स्वीकार करता हूं**

# अमेरिका यूक्रेन को 23 अरब रुपये से अधिक के हथियार देगा

**वॉशिगटन ।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन यूक्रेन को कम से कम 275 मिलियन डॉलर (23 अरब 23 करोड़ 13 लाख से अधिक रुपये) के नए



हथियार भेजेगा, ताकि वह रूस के खिलाफ अपनी लड़ाई को मजबूत कर सके। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन द्वारा उठाया गया है। अमेरिकी अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रपति बाइडन चाहते हैं कि दो महीनों में यूक्रेन को जितना संभव हो सके, उतनी मदद मिले। बता दें कि अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति का चुनाव जीत चुके हैं और वह 20 जनवरी 2025 को शपथ ग्रहण करेंगे। हथियारों की नवीनतम खेप यूक्रेन को और ताकतवर बनाने के लिए भेजी जा रही है, खासकर जब संघर्ष वृद्धि की चिताएं बढ़ रही हैं।

# पाकिस्तान के साथ बातचीत की पहली शर्त आतंकवाद का खात्मा है, यूएन में भारत के राजदूत का बयान

**वॉशिंगटन ।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत ने कहा है कि पाकिस्तान के साथ बातचीत तभी शुरू हो सकती है, जब पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को पूरी तरह से खत्म करे।

भारतीय राजदूत ने कहा कि भारत सीमापार आतंकवाद का पीड़ित है और आतंकवाद के प्रति हमारी जीरो टोलरेंस की नीति है। भारतीय राजदूत ने कहा कि पाकिस्तान के साथ हमारा मुख्य मुद्दा आतंकवाद है।



### 'भारत-पाकिस्तान के बीच आतंकवाद सबसे प्रमुख मुद्दा'

कोलंबिया विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका विषय 'प्रमुख वैश्विक चुनौतियों का जवाब: भारत का तरीका' था। इस कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत पर्वतनेनी हरीश भी शामिल हुए।

कार्यक्रम में जब भारतीय राजदूत से पाकिस्तान को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान के साथ संपर्क करने और बातचीत करने की कोशिश की थी, लेकिन भारत में पाकिस्तान की तरफ से जारी आतंकी गतिविधियों ने विश्वास को खत्म कर दिया है। पाकिस्तान के साथ बातचीत में पहला मुद्दा आतंकवाद का खात्म है और यह एक अहम मुद्दा है।'

### 'आतंकवाद मानवता के अस्तित्व के लिए खतरा'

अपने संबोधन में हरीश ने इस बात पर जोर दिया कि वैश्विक मंच पर आतंकवाद एक बड़ा मुद्दा है। उन्होंने कहा, 'भारत लंबे समय से सीमा पार और वैश्विक आतंकवाद का शिकार रहा है।

आतंकवाद मानवता के 'अस्तित्व के लिए खतरा' है, जिसकी कोई सीमा नहीं है, कोई राष्ट्रीयता नहीं है। उन्होंने कहा, 'आतंकवाद का मुकाबला केवल अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से ही किया जा सकता है।

' आतंकवाद से निपटने में भारत के तरीकों को रेखांकित करते हुए हरीश ने कहा कि देश का फोकस आतंकवाद से निपटने के लिए अपने अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों को साथ लेकर चलने पर रहा है, क्योंकि भारत इस संकट के प्रति शून्य सहिष्णुता रखता है। भारतीय राजदूत ने कहा कि हम एक और 9/11 का हमला नहीं चाहते और न ही 26/11 जैसा मुंबई हमला चाहते हैं।

